Yash college of Education, Rurkee (Rohtak)

School list for B.Ed School Internship programme 2016-18

B.Ed 2nd Year

Sr. No.	School Name	Roll No.	Total students	Teacher Incharge
1	D.R.M. Sr. Sec. School, Rurkee	1701, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21	20	Ms. Nisha
2	CSM High School, Mungan	1722, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 31, 32, 33, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 44, 46,	20	Ms. Pinki
3	Baba Nagar Das Sr. Sec. School, Kiloi	1747, 48, 50, 52, 53, 54, 55, 57, 58, 59, 60, 62, 63, 64, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 74	21	Ms. Monika
4	H.R. M. Sr. Sec. School, Kiloi	1775, 76, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87, 88, 89, 90, 91, 93, 94, 95, 96	21	Mr. Ashok

Schedule: 24.11.17 to 15.03.18

ATTENDANCE CHART

School: राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंडाना रोहतक

Class: X^th. Subject: HINDI

Name & Roll	26	27	28	29	30	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
Sonu	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Kuldeep	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Payal	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Salil	P	P	S	P	P	P	P	P	P	S	P	P	P	P	P	P	S	P	P	P
Simran	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Aryan	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Suraj	P	P		P	P	P	P	P	P	U	P	P	P	P	P	P		P	P	P
Veena	P	P	U	P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P	U	P	P	P
Shaloo	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Shruti	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Shivani	P	P		P	P	P	P	P	P	N	P	P	P	P	P	P		P	P	P
Anita	P	P	N	P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P	N	P	P	P
Amit	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Lalita	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Kavita	P	P		P	P	P	P	P	P	D	P	P	P	P	P	P		P	P	P
Abhishek	P	P	D	P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P	D	P	P	P
Ram	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Shobhit	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Sakshi	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Vers	P	P	A	P	P	P	P	P	P	A	P	P	P	P	P	P	A	P	P	P
Zora	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Madhu	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Mamta	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Nitu	P	P	Y	P	P	P	P	P	P	Y	P	P	P	P	P	P	Y	P	P	P
Neelu	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Pragati	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Neeru	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Alok	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P

ATTENDANCE CHART

School: राजकीय वरि० माध्यमिक विद्यालय मुंगा० रोहतक

Class: IXth Subject: S.ST

Name & Roll	26	27	28	29	30	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
Vandana	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Kavita	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Kajal	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Neelam	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Vivek	P	P	S	P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Bindu	P	P		P	P	P	P	P	P	S	P	P	P	P	P	P	S	P	P	P
Kokila	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Shalee	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Rohit	P	P	U	P	P	P	P	P	P	U	P	P	P	P	P	P	U	P	P	P
Mohit	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Aarti	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Govind	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Anuj	P	P	N	P	P	P	P	P	P	N	P	P	P	P	P	P	N	P	P	P
Arjun	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Lalita	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Shaily	P	P	D	P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Shivani	P	P		P	P	P	P	P	P	D	P	P	P	P	P	P	D	P	P	P
Amit	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Aarohi	P	P	A	P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Avani	P	P		P	P	P	P	P	P	A	P	P	P	P	P	P	A	P	P	P
Vani	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Susmita	P	P	Y	P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Karan	P	P		P	P	P	P	P	P	Y	P	P	P	P	P	P		P	P	P
Bhawani	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P	Y	P	P	P
Nitu	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Ritu	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Shusna	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P
Sangeeta	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P	P	P	P		P	P	P

INDEX

Sr. No.	Date	Pages	Signature of the Supervisor
1) Microteaching Lessons			Rajkala
1. भारत का संविधान	12/11/2010	1-4	
2. अशोक	13/11/2010	5-8	
3. यातायात के साधन	15/11/2010	9-12	
4. हड़प्पा सभ्यता	16/11/2010	13-16	
5. उद्योग	18/11/2010	17-20	
2) Mega Lessons			
1. राष्ट्रवाद का विकास	19/11/2010	21-26	
2. भारत में वस्त्र उद्योग	20/11/2010	27-33	
3. उपभोक्ता जागरूकता	21/11/2010	34-40	
4. महात्मा बुद्ध	22/11/2010	48-54	
5. रेगिस्तान	23/11/2010	55-60	
3) Discussion Lesson-I			
भारत और उसके पड़ोसी राज्य	25/11/2010	61-70	
4) School Teaching Practice Lessons			
1. खनिज पदार्थ	26/11/2010	71-76	
2. लघु उद्योग	27/11/2010	77-82	
3. संचार के साधन	29/11/2010	83-88	
4. जल मण्डल	30/11/2010	89-93	
5. महावीर स्वामी व उनकी शिक्षाएं	1/12/2010	94-99	
6. पृथ्वी की आंतरिक संरचना	2/12/2010	100-106	
7. राजा राम मोहन राय	3/12/2010	107-113	
8. भारतीय डाक-व्यवस्था	4/12/2010	114-119	
9. मौलिक अधिकार	6/12/2010	120-126	
10. भारत में पिछड़े होने के कारण	7/12/2010	127-133	
11. संसद	8/12/2010	134-140	
12. मिट्टी	9/12/2010	141-147	
13. बनों के लाभ	10/12/2010	148-154	
14. आदि मानव	11/12/2010	155-161	
15. बैंकों के लाभ	13/12/2010	162-168	
16. मानचित्र	14/12/2010	169-175	
17. राष्ट्रीय प्रतीक	15/12/2010	176-182	
18. ग्राम पंचायत	16/12/2010	183-189	
19. स्वामी दयानंद	18/12/2010	190-196	
20. हमारे चारों ओर की वायु	19/12/2010	197-203	
5) Discussion Lesson-II			Rajkala
1857 की क्रांति	20/12/2010	204-113	
6) Observation Lessons			
7) School Report			

MICRO TEACHING LESSONS

Lesson No : 1

Date: 12|11|2010 | Duration of the period: 35 मिनट
Pupil Teacher's Name: Kavita | Pupil Teacher's Roll No: 509
Class: 10 | Average Age of the pupils: 16 years
Subject: सामाजिक अध्ययन | Topic: भारत का संविधान

प्रश्न कौशल

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
भारतीय संविधान सभा का गठन कब और किसके अन्तर्गत हुआ ? (शाबाश)	भारतीय संविधान का गठन 1964 में कैबनेट मिशन प्लान के अन्तर्गत हुआ।
भारतीय संविधान के प्रारूप समिति का अध्यक्ष किसे चुना गया ?	भारतीय संविधान के प्रारूप समिति का अध्यक्ष डा० भीम राव अम्बेडकर को चुना गया

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
भारतीय संविधान को बनाने में कुल कितना समय लगा ? (बहुत अच्छा)	भारतीय संविधान को बनाने में २ साल, ११ महीने, १८ दिन लगे।
भारत का संविधान कैसा है ? (ठीक है)	भारत का संविधान लिखित है।
संविधान की प्रस्तावना को क्या कहा जाता है ? (शाबाश)	संविधान की प्रस्तावना को 'संविधान की कुंजी' कहा जाता है।
वर्तमान समय में भारतीय संविधान में कितने अनुच्छेद और अनुसूचियाँ है ?	वर्तमान समय में भारतीय संविधान में ३९५ अनुच्छेद और १२ अनुसूचियां हैं।

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
क्या भारतीय संविधान में संशोधन किए जा सकते हैं ?	जी हाँ, भारतीय संविधान में संशोधन किए जा सकते हैं।
(बहुत अच्छा)	
विश्व में सबसे लम्बा संविधान किस देश का है ?	विश्व में सबसे लम्बा संविधान भारत का है।
(ठीक है)	
भारत का संविधान कब लागू हुआ ?	भारत का संविधान २६ जनवरी १९५० को लागू हुआ।
(शाबाश)	
भारत का संविधान कठोर है अथवा लचीला ?	भारत का संविधान कुछ मामलों में कठोर है और कुछ मामलों में लचीला।

क्रम सं॰	घटक	रेटिंग स्केल
1.	सार्थकता	0 1 2 (3) 4 5 6
2.	संक्षिप्तता	0 1 2 (3) 4 5 6
3.	विशिष्टता	0 1 2 3 (4) 5 6
4.	स्पष्टता	0 1 2 (3) 4 5 6
5.	व्याकरणिक शुद्धता	0 1 2 (3) 4 5 6

Rajkala

Lesson No :- 2

Date 13|11|2010 Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita Pupil Teacher's Roll No 509

Class 7th Average Age of the pupils 13 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन Topic अशोक

व्याख्या कौशल

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
अशोक बिन्दुसार का पुत्र और चन्द्रगुप्त मौर्य का पोता था। वह मौर्य वंश का तीसरा सम्राट तथा अपने वंश का सबसे प्रतापी और प्रसिद्ध राजा था। अशोक का जन्म 302 ई० पू० के लगभग हुआ। 18 वर्ष की आयु में उसे उज्जैन और बाद में तक्षशिला का राज्यपाल नियुक्त कर दिया था।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुने
अशोक का जन्म कब हुआ?	अशोक का जन्म 302 ई० पूर्व
अशोक किस वंश से संबंधित थे?	अशोक मौर्य वंश से संबंधित

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
२७३ ई० पूर्व में बिन्दुसार की मृत्यु के बाद अशोक राजगद्दी पर बैठा लेकिन उनका राज्याभिषेक चार साल बाद २६९ ई० पूर्व में हुआ। बौद्ध ग्रन्थों के अनुसार अशोक ने अपने मंत्री राधा-गुप्त की सहायता से अपने ९९ भाइयों को मारकर राजगद्दी प्राप्त की थी।	सभी छात्र अपनी उत्तर-पुस्ति में लिखेंगे।
अशोक का राज्याभिषेक कब हुआ?	अशोक का राज्याभिषेक २६९ ई० पूर्व हुआ।
अशोक एक महत्वाकांक्षी साम्राज्यवादी शासक था। उसने अपने साम्राज्य का विस्तार करने के लिए एक विशाल सेना लेकर २६१ ई० पूर्व कलिंग (वर्तमान उड़ीसा) पर आक्रमण कर दिया। मैगस्थनीज के अनुसार उसके पास ६० हजार पैदल, १००० घुड़सवार तथा ७०० हाथी थे। कलिंग की सेना ने अपने देश की रक्षा के लिए	

वांछित घटक

क्रमांक	घटक	रेटिंग स्केल						
1.	उपयुक्त प्रारम्भिक और निष्कर्ष कथनों का प्रयोग	0	1	2	3	4	5	6
2.	व्याख्या से तुओं का प्रयोग	0	1	2	3	4	5	6
3.	आवश्यक बिंदुओं पर ध्यान देना।	0	1	2	3	4	5	6
4.	बोध परीक्षण	0	1	2	3	4	5	6

अवांछित घटक

क्रमांक	घटक	रेटिंग स्केल						
1.	निरर्थक कथनों का प्रयोग	0	1	2	3	4	5	6
2.	कथनों में निरन्तरता या तारतम्यता का प्रयोग	0	1	2	3	4	5	6
3.	प्रवाहिकता का अभाव	0	1	2	3	4	5	6
4.	अनुपयुक्त शब्दावली और अस्पष्ट शब्दों अथवा मुहावरों का प्रयोग।	0	1	2	3	4	5	6

Lesson No :.....

Date 15/11/2010 Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 6th Average Age of the pupils 11 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन Topic यातायात के साधन

उदाहरण कौशल

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
अर्थ :→ यातायात के साधनों से अभिप्राय ऐसे साधन जो मनुष्य के सामान या किसी भी चीज को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में सक्षम हो। इन साधनों के बिना आधुनिक जीवन रुक जाएगा।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
बच्चों, यातायात के कुछ साधनों के नाम बताओ ?	बस, कार, स्कूटर, रेलगाड़ी, जीप आदि।
(शाबाश)	

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
यातायात के साधनों में सबसे ज्यादा माल ढोने के काम में ट्रक व रेलों का प्रमुख स्थान है। भारत भौगोलिक रूप से विस्तृत है जिसके नागरिकों की आवश्यकताओं व विकास के लिए ये साधन महत्वपूर्ण हैं।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
सामान ढोने के लिए किस वाहन का प्रयोग ज्यादा होता है?	ट्रक व रेल का।
(बहुत अच्छे)	
पहले यातायात का इतना विकास नहीं हुआ था। लोग या तो ज्यादातर पैदल यात्रा करते थे या बैलगाड़ी या घोड़ा-गाड़ी का प्रयोग करते थे।	

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
आजकल पहले की तुलना में विकसित यातायात के साधनों के उदाहरण बताओ ?	हवाई जहाज, रेल, ट्रक ।
(ठीक है)	
यातायात के साधन कुछ इस तरह के हैं - जल, यातायात, वायु यातायात, थल यातायात, रेल यातायात इत्यादि ।	
जलयातायात के मुख्य साधन बताओ ?	जलपोत, समुद्री जहाज ।
किसी एक मुख्य बन्दरगाह का नाम बताओ ?	विशाखापट्टनम
(शाबाश)	Rajkala
वायुयातायात के साधन इस प्रकार है - हवाई जहाज, हेलीकॉप्टर ।	

Lesson No : 4

Date 16/11/2019 | Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita | Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 8th | Average Age of the pupils 13

Subject सामाजिक अध्ययन | Topic हड़प्पा सभ्यता

उद्दीपन कौशल

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
बच्चों आप सब जानते है कि हड़प्पा सभ्यता भारत की सब से प्राचीन सभ्यता थी। इस सभ्यता की खोज ने भारतीय इतिहास में एक नए युग का श्री गणेश किया।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
हड़प्पा सभ्यता के कुछ प्रमुख केन्द्रो के नाम बताओ?	मोहन जोदड़ो तथा भारत में संघोल कालीबंगन, मितथल, आलमगीरपुर और बोथल है।
हड़प्पा सभ्यता की नगर योजना बड़ी उच्च कोटि की थी। मकान क्रमानुसार बनाए जाते थे।	

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
हड़प्पा सभ्यता में महिलाओं को कैसा स्थान प्राप्त था?	महिलाओं को उच्च स्थान प्राप्त था।
(शाबाश)	
हड़प्पा सभ्यता के लोगों का आर्थिक जीवन बहुत समृद्ध था। उनके मुख्य व्यवसाय कृषि तथा पशु-पालन थे। उनका आंतरिक तथा विदेश व्यापार बहुत उन्नत था।	
हड़प्पा सभ्यता के लोग किन देवी-देवताओं की पूजा करते थे?	सबसे अधिक देवी माता की इसके अतिरिक्त शिव, पशु वृक्षों, सूर्य आदि की भी पू करते थे।
(बहुत अच्छे)	
हड़प्पा सभ्यता के लोगों ने कला के क्षेत्र में भी पर्याप्त उन्नति की थी। वे कई प्रकार की मूर्तियाँ, आभूषण, बर्तन, खिलौने आदि निर्मित करते थे। वे मुहरें बनाने में भी निपुण थे।	

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
हड़प्पा संस्कृति की जानकारी का मुख्य स्त्रोत क्या है?	इस संस्कृति की जानकारी का मुख्य स्त्रोत पुरातात्विक सामग्री है।
(ठीक है)	
पुरातत्वविद अतीत का पुनर्निर्माण करने के उद्देश्य से प्राचीन स्थलों का उत्खनन करते हैं। इससे वे विभिन्न प्रकार की पुरावस्तुएं जैसे मृद्भांड, आभूषण, औजार मुहरें, अभिलेख एवं भवन आदि प्राप्त करते हैं।	
पुरावस्तुओं का किसके द्वारा विस्तृत अध्ययन किया जाता है?	विभिन्न विद्वानों के द्वारा पुरावस्तुओं का विस्तृत अध्ययन किया जाता है।
(शाबाश)	
इन विद्वानों द्वारा निकाले गए निष्कर्षों के आधार पर पुरातत्वविद अतीत का पुनर्निर्माण करते हैं।	

घटक	रेटिंग स्केल						
शरीर का संचालन	0	1	2	3	4	5	6
हाव-भाव	0	1	2	3	4	5	6
आवाज का उतार-चढ़ाव	0	1	2	3	4	5	6
भाव केन्द्रीयकरण	0	1	2	3	4	5	6
शिक्षक-विद्यार्थी के अतः-क्रिया के रुप में परिवर्तन	0	1	2	3	4	5	6
विराम प्रयोग	0	1	2	3	4	5	6
सहभागिता	0	1	2	3	4	5	6

Rajkala

Lesson No :...5.....

Date 18/11/2010 Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 9th Average Age of the pupils 15 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन Topic उद्योग

पुनबलन कौशल

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
उद्योग का संबंध आर्थिक गतिविधि से है, जो कि वस्तुओं के उत्पादन खनिजों के निष्कर्षण अथवा सेवाओं की व्यवस्था से संबंधित है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
उद्योग का संबंध किससे है?	उद्योग का संबंध आर्थिक गतिविधियों से है।
उद्योग में बहुत से उद्योग आते हैं, इनमें से लोहा और इस्पात उद्योग वस्तुओं के उत्पादन से संबंधित है। कोयला खनन उद्योग कोयले को धरती से निकालने से संबंधित है।	

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
लोहा और इस्पात उद्योग किससे संबंधित है?	वस्तुओं से संबंधित है।
उद्योगों का वर्गीकरण कच्चा माल, आकार और स्वामीत्व के आधार पर होता है। कच्चे माल के उपयोग के आधार कृषि, खनिज, समुद्र और वन है।	
उद्योगे के वर्गीकरण का आधार क्या है?	कच्चा माल, आकार, स्वामीत्व का आधार है।
(शाबाश)	
कच्चा माल कहाँ से प्राप्त होता है?	कृषि, समुद्र, खनिज और वनो से प्राप्त होते है।
(खुशी का माहौल बनाते हुए बच्चों मे उत्साह प्रेरित करते हुए)	

शिक्षक/शिक्षिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
कृषि पर आधारित कच्चे माल का कोई उदाहरण दीजिए।	वनस्पति तेल, सूती वस्त्र, डेयरी उत्पाद और चर्म उद्योग कृषि आधारित उद्योग है।
(विद्यार्थी को सुझाव का समर्थन देते हुए) बहुत अच्छा	
कृषि उद्योग पर आधारित सूती वस्त्र बनाने का मुख्य स्त्रोत क्या है?	कपास से संबंधित है।
(ठीक है)	
भारत में पहली सूती मील कब और कहाँ खोली गई?	1859 ई० अहमदाबाद में खोली गई।
(शाबाश)	

क्रमांक	घटक	रेटिंग स्केल						
1.	स्वीकारात्मक कथनों का प्रयोग	0	1	(2)	3	4	5	6
2.	शरीर संचालन	0	1	(2)	3	4	5	6
3.	आवाज का उतार-चढ़ाव	0	1	2	(3)	4	5	6
4.	भाव केन्द्रीकरण	0	1	2	(3)	4	5	6
5.	शिक्षक विद्यार्थी में अन्तः क्रिया के प्रारूप में परिवर्तन	0	1	(2)	3	4	5	6
6.	दृश्य-श्रव्य क्रम में परिवर्तन विराम प्रयोग	0	1	2	(3)	4	5	6
7.	विद्यार्थियों का उत्साह वर्द्धन	0	1	(2)	3	4	5	6

Raikwar

MEGA TEACHING LESSONS

Lesson No :..........1........

Date 19/11/2010 | Duration of the period 35 मिनट
Pupil Teacher's Name Kavita | Pupil Teacher's Roll No. 509
Class IXth | Average Age of the pupils 16 वर्ष
Subject सामाजिक अध्ययन | Topic राष्ट्रवाद

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

- विद्यार्थी राष्ट्रवाद के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।
- विद्यार्थी राष्ट्रवाद के विकास का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी राष्ट्रवाद के बारे मे उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी राष्ट्रवाद के मुख्य अंश के बारे में बताने योग्यता रखते होगे।
- विद्यार्थी राष्ट्रवाद का विकास का निष्कर्ष निकालने व अपने दैनिक जीवन मे अपना सकेंगे।
- विद्यार्थी राष्ट्रवाद का विकास विश्लेषण कर सकेंगे।
- विद्यार्थी राष्ट्रवाद का विकास का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चाक, झाड़न, संकेतक, ~~चार्ट~~ आदि।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, मॉडल, चित्र

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
बच्चों आपको सभी सुविधाएँ कहाँ से मिलती है?	राज्य से।
राज्य के प्रति आपकी कैसी भावना है?	प्रेम की भावना।
राष्ट्रवाद से आप क्या समझते है?	समस्यात्मक प्रश्न।

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम भारत में राष्ट्रवाद का विकास के विषय मे विस्तार पूर्वक अध्ययन करेगे।

प्रस्तुतीकरण :→

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	श्यामपट्ट
	बच्चों हम लोग 1858 ई० में राष्ट्रवाद के विकास के विषय में बताएगें। जो हमारे भारत में 1858 में विकास की।	सभी बच्चे मौन बैठेगे।	

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र-क्रियाएं
आधुनिक उपनिवेश उद्योग व व्यापार	भारत में राष्ट्रवाद का विकास 1858 ई० के बाद बहुत तेज हुआ। भारत वासियों में एक नई चेतना जागी जो विशुद्ध रूप से भारतीय थे। अंग्रेजों ने भारत में यातायात और संचार के आधुनिक साधन आरम्भ किए। भारत के विभिन्न भागों को एक-दूसरे से खाई तथा बड़े पैमाने पर आधुनिक उपनिवेश उद्योग व व्यापार शुरू किया। इस प्रकार भारत एक आकर्षित आर्थिक उपनिवेश बनकर रह गया था। अब ब्रिटिश उद्योग में निर्मित माल का बाजार बन गया था।	सभी छ ध्यानपू बैठेंगे अपनी क पर लिखे
बोध परीक्षण:	भारत में राष्ट्रवाद का विकास कब हुआ?	1858 ई० में
रेल, सड़के टेलीग्राम:	इस समय रेलों, सड़कों, टेलीग्राम और डाकघरों की स्थापना की गई। इन कार्यों के पीछे भी मूल उद्देश्य व्यापारिक दृष्टि से भारत का विकास हुआ तथा यातायात	

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	और संचार के उन्नति साधनों से भारतवासियों को भी लाभ पहुँचा और वह सफलतापूर्वक एक-दूसरे से सम्पर्क स्थापित कर सकते थे।	
बोध परीक्षण	किन साधनों से भारतवासियों को लाभ पहुँचा ?	यातायात और संचार साधनों से
प्रशासनिक और राजनीतिक एकता	अंग्रेजों ने भारत में केन्द्रीयकृत समरूप और आधुनिक शासन व्यवस्था की बल स्थापित की जिसमें भारत में कानूनी प्रशासनिक और राजनीतिक एकता को बल दिया। अंग्रेजो द्वारा आरम्भ किए गए एकीकृत शासन से भारतीय एक सूत्र में बंधे तथा उनमें उत्पीड़न के प्रति जागरूकता आई उत्पीड़ित लोग संगठित हो गए जिससे राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन मिला।	
बोध परीक्षण	किसके कारण भारतीयों में जागरूकता आई ?	राष्ट्रवाद के विकास के कारण।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
• आधुनिक शिक्षा का आरम्भ:	राष्ट्रवाद के विकास में आधुनिक पाश्चात्य शिक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंग्रेज प्रचारकों, ब्रिटिश सरकार और प्रबुद्ध भारतीय के प्रवासी से भारत में आधुनिक पाश्चात्य शिक्षा का सूत्रपात पाया गया। राजनीतिक प्रशासनिक और आर्थिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए अंग्रेजी शिक्षा का सूत्रपात किया गया था।	सभी ध्यानपू सुनेंगे
• बोध परीक्षण	राष्ट्रवाद के विकास में किसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?	आधुनि पाश्चात्य शिक्षा ने
	अंग्रेजी शिक्षा ने दलालों और छोटे कर्मचारियों की उपलब्धि कराई जो कि भारत में अंग्रेजी प्रशासन को चलाने में सहायता दे सकते थे तथा कुछ अंग्रेजों की धारणा थी कि श्रेष्ठ शिक्षा प्राप्त भारतवासी सभ्य बनेंगे तथा उनकी धारणा था कि अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त भारतवासी प्रसन्नता-पूर्वक और स्वेच्छा से ब्रिटिश शासन को स्वीकार कर लेंगे।	

पुनरावृत्ति :→

- भारत में राष्ट्रवाद का उदय कैसे
- राष्ट्रवाद के विकास से भारतीयों के जीवन में कैसे सुधार हुआ ?
- राष्ट्रवाद के विकास से भारतीयों क्या-क्या लाभ हुए ?

गृहकार्य :→

- सभी बच्चें राष्ट्रवाद का विकास अर्थ और उसके महत्व को अपनी कॉपियों में लिखेंगे व याद करेंगे।

निरीक्षक टिप्पणी :→

हस्ताक्षर

Lesson No : 2

Date 20/11/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class IXth

Average Age of the pupils 15 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic भारत में वस्त्र उद्योग

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :

- विद्यार्थी वस्त्र उद्योग के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।
- विद्यार्थी वस्त्र उद्योग का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी वस्त्र उद्योग के विषय में उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी वस्त्र से होने वाली समस्याओं के बारे में बताने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी वस्त्र उद्योग के बारें में और आयात तथा निर्यात का निष्कर्ष
- निकालने व अपने दैनिक जीवन में अपना सकेंगे।
- विद्यार्थी वस्त्र उद्योग का संश्लेषण कर सकेंगे।
- विद्यार्थी वस्त्र उद्योग का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री → सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, संकेतक,

विशिष्ट सामग्री → मॉडल, चार्ट, चित्र आदि

पूर्वज्ञान परीक्षण

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
प्राचीन काल में लोग अपने शरीर को कैसे ढकते थे ?	पेड़ों के पत्तों और छालों से
भारत में प्रारम्भ में कौन 2 से उद्योग को बढ़ावा दिया गया ?	लघु उद्योग और कुटीर उद्योग।
भारत में किस प्रकार के वस्त्रों का उद्योग विकसित अत्यधिक हुआ ?	असंतोषजनक उत्तर।

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों, आज हम भारत में सूती उद्योग तथा उत्पादन के बारे में विस्तारपूर्वक अ करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

छात्रों की परस्

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	
	भारत का सूती वस्त्र उद्योग काफी पुराना है, एक समय था जब समय में सूती वस्त्रों के यूरोप तथा मध्य पूर्व में काफी माँग थी		

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	उस समय यह केवल ग्रामीण अथवा कुटीर उद्योग था। उस समय चरखा ही एक मात्र स्थान था।	छात्र ध्या पूर्वक सुने
	कपास, ऊन, रेशम तथा जूट वस्त्र उद्योग के लिए कच्चा माल है। कपास और जूट प्रत्यक्ष रूप से सूदा से मिलते हैं। रेशम और ऊन अप्रत्यक्ष रूप से मिलता है, सूती वस्त्र उद्योग भारत का बहुत पुराना उद्योग है। कृषि के पश्चात् सबसे अधिक रोजगार इसी उद्योग में मिलता है। सूती वस्त्र उद्योग उत्पादन में भारत का विश्व में दूसरा स्थान है।	
	सूती वस्त्र उद्योग में भारतवर्ष का कौन-सा स्थान था?	दूसरा स्था
	आधुनिक वस्त्र उद्योग का आरम्भ 19वीं शताब्दी के प्रारम्भिक वर्षों में हुआ। कोलकाता के निकट फोर्ट गौलस्टर में पहली सूती मिल की स्थापना की गई। आरम्भ में इस उद्योग का आरम्भ 1854 में हुआ था।	

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	~~छात्र~~ छात्र क्रियायें
	इस वर्ष भारत पूँजी से एक सूती मील की स्थापना मुम्बई में की गई आज सूती वस्त्र उद्योग भारत का सबसे बड़ा उद्योग था। देश में सूती वस्त्र उद्योग के लगभग 79% कारखाने निजी क्षेत्र में तथा शेष सार्वजनिक सहकारी क्षेत्र में देश का 93% सूती कपड़ा विकेन्द्रीकृत क्षेत्र में तैयार होता है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे
बोध परीक्षण:	आधुनिक वस्त्र उद्योग का आरंभ किस शताब्दी में प्रारम्भ हुआ?	19वीं शताब्दी में।
	(बहुत अच्छे)	
	हमारे सूती उद्योग के दो क्षेत्र हैं। एक ओर तो हमारा प्राचीन खादी क्षेत्र जिसमें कातने तथा बुनने का काम हाथ से किया जाता है, दूसरी ओर भारी पूँजी से लगे मिले हैं जिसमें तेज गति से बड़ी-बड़ी मशीनों द्वारा काम किया जाता है, सूती वस्त्र उद्योग में महाराष्ट्र तथा गुजरात अग्रणी राज्य हैं। इस उद्योग के दो प्रमुख केन्द्र मुम्बई तथा अहमदाबाद है।	सभी छा ध्यान पूर्व सुनेंगे व उत्तरपुस्ति में उतारे

छात्र क्रियाएँ

विषय वस्तु	छात्रा/अध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं
बोध परीक्षण:	सूती वस्त्र उद्योग के लिए दो प्रमुख राज्यों के नाम बताओ ? (शाबाश)	महाराष्ट्र और अहमदाबा
	महाराष्ट्र में नागपुर, पश्चिमी बंगाल में कोलकाता, तमिलनाडु में कोयम्बटूर, उत्तर-प्रदेश में सही तथा मध्य-प्रदेश में इन्दौर इस उद्योग के अन्य केन्द्र है।	
	उत्तर-प्रदेश में सूती मिल कहाँ है ? (ठीक है)	कानपुर
	उपरोक्त विवरण से कहा जा सकता है कि भारत में सूती कपड़ा उद्योग केवल एशिया महाद्वीप में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बहुत प्रसिद्ध है।	

पुनरावृत्ति :→

- भारत का विश्व में सूतीवस्त्र उद्योग में कौन-सा स्थान है ?
- कपास और जूट किस प्रकार के बनाने के काम आता है ?
- सूती वस्त्र उत्पादन में कौन-सा राज्य अग्रसर है ?

गृहकार्य :→

- बच्चों, कल आप भारत के सूती उद्योग के बारे में लिखकर तथा य करके आएगे।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala — हस्ताक्षर

Lesson No : 3

Date 21/11/2010 | Duration of the period 35 मिनट
Pupil Teacher's Name Kavita | Pupil Teacher's Roll No. 509
Class 10th | Average Age of the pupils 15
Subject सामाजिक अध्ययन | Topic उपभोक्ता जागरूकता

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

विद्यार्थी उपभोक्ता जागरूकता के विषय में सम्पूर्ण जानकारी रखते होंगे।
विद्यार्थी उपभोक्ता जागरूकता का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

विद्यार्थी उपभोक्ता जागरूकता के विषय में उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
विद्यार्थी उपभोक्ता जागरूकता से होने वाली समस्याओं के समाधान को बताने की योग्यता रखते होंगे।

विद्यार्थी उपभोक्ता जागरूकता से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
विद्यार्थी उपभोक्ता जागरूकता से होने वाले लाभ को अपने दैनिक जीवन में अपना सकेंगे।

विद्यार्थी उपभोक्ता जागरूकता का संश्लेषण कर सकेंगे।
विद्यार्थी उपभोक्ता जागरूकता का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, संकेतक, आदि।

विशिष्ट सामग्री → मॉडल, चित्र, चार्ट

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
हम वस्तुएं कहाँ से खरीदते हैं?	हम वस्तुएं बाजार या दुका से खरीदते हैं।
उपभोक्ता कौन होता है?	वस्तुओं को खरीदने वाल
उपभोक्ता जागरूकता किसे कहते हैं?	असंतोष जनक उत्तर।

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम उपभोक्त जागरूकता के विषय में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे

प्रस्तुतीकरण :→

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	प्रत्येक व्यक्ति उपभोक्ता होता है। जब हम किसी वस्तु या सेवा के लिए उसका मूल्य चुकाते हैं तो हम उपभोक्ता बन जाते हैं। कभी दुकानदार खराब वस्तु या सेवाओं के लिए अधिक मूल्य लेकर हमें ठग लेता है।	सभी बच्चे मौन बैठेंगे

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्रक्रियाएँ
	इसलिए सरकार ने उपभोक्ता के अधिकारों की रक्षा के लिए बहुत कुछ रही है। उपभोक्ता जब भी कोई वस्तु खरीदता है तो वह दुकानदार से उसकी वास्तविक रसीद लेता है ताकि दुकानदार मूल्य से अधिक पैसा ना ले सके।	
बोध परीक्षण	दुकानदार हमें कैसे ठग लेता है?	वस्तुओं का अधिक मूल्य लेकर।
	उपभोक्ता शोषण के कुछ सामान्य प्रकार निम्नलिखित हैं:—	

1. कम तोलना एवं कम देना।
2. मापना
3. घटिया सामान
4. अधिक कीमतें
5. नकली माल
6. मिलावट व अशुद्धता
7. सुरक्षा उपायों की कमी
8. कृत्रिम अभाव
9. झूठी व अधूरी जानकारी
10. विक्रय पश्चात् सेवा की असंतोषजनक सुविधा
11. दुर्व्यवहार और अनावश्यक शर्तें

छात्र क्रियाएँ

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	उपभोक्ता शोषण के निम्नलिखित कारण है :— सीमित सूचना सीमित आपूर्ति सीमित प्रतिस्पर्धा निम्न साक्षरता	
बोध परीक्षण:	उपभोक्ता शोषण के दो सामान्य प्रकारों के नाम बताओ।	घटिया सामान कृत्रिम अभाव
	कोई भी माल खरीदते समय उपभोक्ताओं को सामान की गुणवत्ता देखनी चाहिए जहाँ तक हो सके गारंटी निशानों वाली सामान जैसे ISI या एगमार्क आदि। जहाँ तक सम्भव हो सके खरीदे हुए माल की रसीद अवश्य लेनी चाहिए। उपभोक्ताओं को उपभोक्ता जागरूकता संगठन से जुड़ा रहना चाहिए।	
	उपभोक्ता शोषण के कुछ कारण बताओ	सीमित सूचना और निम्न साक्षरता

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएं
	उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों की जानकारी अवश्य रखनी चाहिए।	छात्र ध्यान पूर्वक लिखे
	उपभोक्ता को अपने वास्तविक समस्या की शिकायत अवश्य करनी चाहिए वह चाहे कितने ही रूपए का क्यों न हो।	
बोध परीक्षण:	उपभोक्ता को किसकी जानकारी अवश्य रखनी चाहिए?	अपने अधिकारों व
	सरकार ने उपभोक्ता की सुरक्षा के लिए निम्नलिखित उपायों को बताया है:- सरकार ने 1986 में उपभोक्ता संरक्षण नियम बताया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली उत्पादन को सामाजिक वितरण प्रणाली द्वारा वितरित किया जाए।	
	वस्तुओं का मानवीकरण:- सरकार ने वस्तुओं की गुणवत्ता जाँच करने के लिए भारत में एगमार्क और (ISI) भारतीय मानक ब्यूरो निर्माण किया।	

पुनरावृत्ति :→

- उपभोक्ता किसे कहते है?
- उपभोक्ता शोषण के विभिन्न प्रकार का वर्णन कीजिए।
- B.I.S क्या है?

गृहकार्य :→

- उपभोक्ता जागरूकता क्या है? उपभोक्ता शोषण के कारण को बता इए इसके सुझाव का विस्तार पूर्वक वर्णन कीजिए।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala

Lesson No : 4

Date: २२/११/२०१० — Duration of the period: 35 मिनट

Pupil Teacher's Name: Kavita — Pupil Teacher's Roll No. 509

Class: VIII^th^ — Average Age of the pupils: 14 वर्ष

Subject: सामाजिक अध्ययन — Topic: महात्मा बुद्ध

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

- विद्यार्थी महात्मा बुद्ध की जीवन शैली के बारे जानने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी महात्मा बुद्ध का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी ~~महात्मा बुद्ध से संबंधित उदाहरण देने की योग्यता रखते हैं।~~
- विद्यार्थी महात्मा बुद्ध के जीवन से मिलनेवाली शिक्षाओं को बताने की योग्यता रखते हैं।
- विद्यार्थी महात्मा बुद्ध के जीवन से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी महात्मा बुद्ध के गृहत्याग के कारण बताने की योग्यता रखते होंगे।
- विद्यार्थी महात्मा बुद्ध के जीवन का विश्लेषण कर सकेंगे।
- विद्यार्थी महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, ~~चार्ट~~ मा[illegible]क।

विशिष्ट सामग्री → मॉडल, चित्र, चार्ट आदि

पूर्वज्ञान परीक्षण :-

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
बच्चों कुछ प्रसिद्ध महापुरुषों के नाम बताओ।	महात्मा गाँधी, सुभाषचन्द्र बोस, स्वामी विवेकानन्द
महापुरुषों के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?	सर्वप्रथम हमें अपने देश और समाज उद्धार के लिए कार्य करना चाहिए औ समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने प्रयास करने चाहिए।
एक ऐसे महापुरुष का नाम बताओ जिसने गृह त्याग करके मोक्ष का ज्ञान प्राप्त किया?	समस्यात्मक प्रश्न

⇒ उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चो आज हम महात्मा बुद्ध के विषय मे अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :-

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
महात्मा बुद्ध	दुःखी मानवता के वरदान, भटकी हुई जनता को सत्य का मार्ग दिखाने वाले गौतम बुद्ध निश्चय ही भारत में जन्म लेने वाले महापुरुषों में भी सबसे महान थे।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
⇒ प्रारम्भिक जीवन :→	गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ था। उनका जन्म नेपाल की तराई में स्थित कपिलवस्तु के पास लुम्बिनी वन में हुआ था। डॉ॰ हेमचन्द्र राय चौधरी और मजूमदार के अनुसार उनका जन्म 567 ई॰ पूर्व हुआ। उनके पिता का नाम शुद्धोदन था, जो शाक्य गण के प्रधान थे। कपिलवस्तु उनकी राजधानी थी। इनकी माता का नाम महामाया था। वे सात दिन के ही थे कि उनकी माता का देहान्त हो गया। अतः सिद्धार्थ का पालन-पोषण उनकी सौतेली माँ गौतमी ने किया।	छात्र ध्यान-पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण	गौतम बुद्ध के माता-पिता का नाम बताओ	माता- महामाया पिता- शुद्धोदन
⇒ विवाह :→	सिद्धार्थ बचपन से ही विचारशील थे सांसारिक विषयों की ओर उनका झुकाव नहीं ~ अतः उनके पिता ने सांसारिक कार्यों में उनका मन लगाने के लिए 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह एक रूपवती कन्या यशोधरा से कर दिया। उनके यहाँ एक पुत्र हुआ जिसका नाम राहुल रखा गया लेकिन फिर भी सांसारिक सुखों में सिद्धार्थ का मन न लग सका	

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	~~छात्र क्रियाएं~~ छात्र क्रियाएँ
विलासिता से घृणा :→	राजा शुद्धोदन ने अपने पुत्र सिद्धार्थ के मन को प्रसन्न रखने के लिए और सांसारिक दुःखो से दूर रखने के लिए अनेक प्रयत्न किए, लेकिन सिद्धार्थ के मन को शांति न मिल सकी। राजमहलों की विलासिता से वे घृणा करने लगे। भिन्न-2 अवसरो पर उन्होंने रोग, बुढ़ापा और मृत्यु जैसे दिल को हिलाने वाले दृश्य देखे जिनसे उनका मन और अधिक अशांत हो गया।	छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे
बोध परीक्षण	गौतम बुद्ध की पत्नी का क्या नाम था?	यशोधरा।
गृह त्याग :	वे समझ गए कि संसार दुःखों का घर है इसलिए उन्होंने इनसे छुटकारा पाने का निश्चय किया। अतः एक रात वे संसार के सब सुखों को त्यागकर, अपनी पत्नी और पुत्र को छोड़कर ज्ञान की खोज में निकल पड़े। उस समय उनकी आयु 29 वर्ष के निकट थी (533 ई.पूर्व)। अर्थात् मैं बुद्ध का त्याग निःसंदेह ही महान त्याग था। उन्होंने जीवन में संसार का त्याग किया जबकि उनके लिए समस्त सुख उपस्थित थे।	सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
⇒ ज्ञान की खोज :→	घर छोड़ने के बाद सिद्धार्थ मगध राजधानी राजगृह में गए और वहाँ उन्होंने आलार और उद्रक नामक दो ब्राह्मणों से शिक्षा प्राप्त की लेकिन उन के मन को शाँति न मिली। इस के बाद वे उरुवेला के वनों में चले गए। वहाँ उन्होंने छः वर्ष तक घोर तपस्या की। इससे उनका शरीर सूख कर काटा हो गया।	छात्र ध्यान-पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे
बोध परीक्षण	सिद्धार्थ ने कितने वर्ष तक तपस्या की ?	छः वर्ष तक
⇒ ज्ञान की प्राप्ति :→	यहीं सुजाता नाम की एक कन्या दूध पिलाकर उनकी रक्षा न करती तो वे शायद मर ही गए होते। अब उन्होंने इस मार्ग को छोड़ दिया। अंत में उन्होंने गया नामक स्थान पर एक पीपल के पेड़ के नीचे समाधि लगाई। पूरे दिन की तपस्या के बाद यहाँ उन्हें सच्चा ज्ञान प्राप्त हुआ और वे बुद्ध कहलाए। उस समय उनकी आयु ३५ वर्ष थी।	छात्र ध्यान-पूर्वक सुनेंगे।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	~~श्यामपट्ट~~
मोक्ष की प्राप्ति :→	महात्मा बुद्ध ने 45 वर्ष तक बड़े परिश्रम से अपने धर्म का प्रचार किया। 80 वर्ष की आयु में 487 ई० पू० लगभग गोरखपुर जिले के कुशीनगर स्थान पर बैशाख की पूर्णिमा के दिन उन्होंने इस संसार को त्याग दिया और मोक्ष प्राप्त किया	छात्र ध्यान-पूर्वक सुनेगे	

पुनरावृत्ति :→

- महात्मा बुद्ध का जन्म कब और कहाँ हु
- महात्मा बुद्ध की पत्नी का क्या नाम था ?
- महात्मा बुद्ध ने सांसारिक सुखों का त्याग क्यों किया ?

गृहकार्य :→

- महात्मा बुद्ध की जीवनी लिखो व याद करो

निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajbala

हस्ताक्षर

Lesson No : 5

Date: २३/११/१० | Duration of the period: ३५ मिनट
Pupil Teacher's Name: Kavita | Pupil Teacher's Roll No.: 509
Class: 7th | Average Age of the pupils: 13
Subject: सामाजिक अध्ययन | Topic: रेगिस्तान

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

- विद्यार्थी रेगिस्तान के विषय में सामान्य जानकारी रखते होगें।
- विद्यार्थी रेगिस्तान का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होगे।
- विद्यार्थी रेगिस्तान के बारे में उदाहरण देने की योग्यता रखते होगे।
- ~~विद्यार्थी रेगिस्तान का अर्थ बताने की योग्यता रखते होगे।~~
- विद्यार्थी रेगिस्तान का निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होगें।
- विद्यार्थी रेगिस्तान के बारे में दी गई जानकारी का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में कर सकेंगे।

नहीं

~~चाक, डस्टर~~ ...

सहायक सामग्री :→

सामान्य सामग्री :— श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न,
विशिष्ट सामग्री :— संकेतक, चार्ट, मॉडल आदि

पूर्वज्ञान परीक्षा :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
जीवन के लिए किन-किन चीजों का होना आवश्यक है ?	जल, भोजन, हवा आदि।
जानवरों के पालन-पोषण के लिए किन-किन चीजों की आवश्यकता होती है ?	जानवरों के पालन-पोषण के लिए जल, चरने के घास आदि।
जहाँ पशुओं के लिए घास न हो फसल के लिए जल न हो उसे क्या कहते हैं ?	असंतोषजनक उत्तर

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम रेगिस्तान के विषय में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

छात्र क्रियाएँ

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रिया
रेगिस्तान :	जहाँ पीने के लिए जल न हो मवेशियों को चरने के लिए घास न हो एवं फसलों को उगने के लिए जल न हो उसे रेगिस्तान कहते हैं। रेगिस्तानों में लोग कष्टकारी जीवन व्यतीत करते है क्योंकि ये स्थान आग तरह गर्म होते हैं एवं ठंडे भी होते हैं। तापमान अधिक गर्म व ठंडे होते है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
बोध परीक्षण	रेगिस्तानी लोगों का जीवन कैसा होता है?	कष्टकारी
रेगिस्तान के प्रकार :→	तापमान के आधार पर रेगिस्तान गर्म व ठण्डे दो प्रकार के होते हैं।	
गर्म रेगिस्तान सहारा :→	उत्तरी अफ्रीका के बड़े भू-भाग पर फैला सहारा रेगिस्तान विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान है। यह लगभग 8.54 लाख वर्ग कि०मी० में फैला हुआ है। यह रेगिस्तान ग्यारह देशों से घिरा हुआ है। ये देश अल्जीरिया, चाड, मिस्र, लीबिया, माली पश्चिमी सहारा यह मरुस्थल बालू की विशाल परतों से ढका है।	बच्चे ध्यानपूर्वक सुन-

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
जलवायु :→	सहारा रेगिस्तान की जलवायु अत्यधिक गर्म एवं शुष्क है। यह आकाश बादल रहित एवं निर्मल होता है। यह संचय होने की अपेक्षा तेजी से वाष्पित होती है। दिन का तापमान 50 डिग्री से ऊपर पहुँच जाता है।	बच्चे ध्यान-पूर्वक सुनेंगे
वनस्पति :→	सहारा रेगिस्तान में कैक्टस बबूल, खजूर व कंटीली झाड़ियां पाई जाती है।	
बोध परीक्षण	सहारा रेगिस्तान का दिन का तापमान कितना हो जाता है ?	50 डिग्री से ऊपर ।
जनजीवन →	सहारा रेगिस्तान की कष्टकारी जलवायु में भी विभिन्न समुदाय के लोग रहते हैं। वनवासीजन जाति के लोग बकरी, भेड़, ऊँट घोड़े जैसे पशु पालते हैं। इन पशुओं से लोगों को दूध मिलता है। इनकी खाल से लोग पेटी, पानी की बोतल बनाते हैं। पशुओं के बालों का प्रयोग चटाई, कालीन आदि में प्रयोग करते हैं।	बच्चे ध्यान-पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।

छात्र क्रियाएँ

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	~~छात्र क्रियाएँ~~
ठण्डा रेगिस्तान	लद्दाख जम्मू-कश्मीर के पूर्व में बृहत्त हिमालय में स्थित लद्दाख एक ठण्डा रेगिस्तान है। उसके उत्तर में काराकोरम पर्वत श्रेणियाँ एवं दक्षिण में जास्कर पर्वत स्थित है। लद्दाख से हो कर अनेक नदियाँ बहती है जिनमें सिंधु नदी प्रमुख है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
लोग :→	यहाँ अधिकांश लोग मुसलमान हैं। ये लोग मध्य के लोगों से समानता रखते हैं ग्रीष्म ऋतु में यहाँ के निवासी जौ आलू, सेम, शलजम की खेती करते हैं।	
बोध परीक्षण	लद्दाख में बहने वाली प्रमुख नदी कौन-सी है?	सिंधु नद
व्यवसाय :→	यहाँ का मुख्य व्यवसाय पर्यटन है। देश-विदेश से अनेक पर्यटक यहाँ आते हैं गोपा दर्शन घास के मैदानों एवं हिमालय का शौर यहाँ का प्रमुख पर्यटन आकर्षण है।	

पुनरावृत्ति :→

विश्व में कौन से दो प्रकार के रेगिस्तान पाए जाते हैं ?

सहारा रेगिस्तान किस महाद्वीप में स्थित है ?

सहारा रेगिस्तान के लोगों का मु व्यवसाय क्या है ?

गृहकार्य कार्य :→

रेगिस्तान क्या है ? विश्व में कितने प्रकार के रेगिस्तान है ? विस्तार पूर्व वर्णन कीजिए ।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Kolkata

हस्ताक्षर

DISCUSSION
LESSON - I

Lesson No : 1

Date: 25/1/2010

Duration of the period: 35 मिनट

Pupil Teacher's Name: Kavita

Pupil Teacher's Roll No.: 509

Class: Xth

Average Age of the pupils: 15 वर्ष

Subject: सामाजिक अध्ययन

Topic: भारत और उसके पड़ोसी राज्य

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

- विद्यार्थी भारत और उसके पड़ोसी राज्य के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।
  विद्यार्थी भारत और उसके पड़ोसी राज्य का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

- विद्यार्थी भारत और उसके पड़ोसी राज्य से संबंधित उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
  विद्यार्थी भारत और उसके पड़ोसी राज्य के संबंध बताने की योग्यता रखते होंगे।

- विद्यार्थी भारत और उसके पड़ोसी राज्य के संबंधों से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
  विद्यार्थी भारत और उसके पड़ोसी राज्य से अनुभव प्राप्त उसे अपने दैनिक जीवन में अपना सकेंगे।

- विद्यार्थी भारत और उसके पड़ोसी राज्य का विश्लेषण कर सकेंगे।
  विद्यार्थी भारत और उसके पड़ोसी राज्यों का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, संकेतक, [illegible] आदि।

विशिष्ट सामग्री → मानचित्र, चार्ट, चित्र आदि

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
क्रांति किसे कहते है ?	विचारों के विद्रोह को ही क्रांति कहते हैं।
भारत में क्रांति की आवश्यकता क्यों पड़ी ?	अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए।
1857 की क्रांति के क्या कारण थे ?	?

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम भारत और उसके पड़ोसी राज्य के विषय में अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

विषय वस्तु	क्रिया	छात्र क्रियाएँ
भूमिका :→	भारत एक विशाल देश है जिसकी पाकिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, म्यांमार और बांग्लादेश के साथ साझी भू सीमाएँ हैं और श्रीलंका के साथ समुद्र स्पर्श करती है। इन सात देशों के आलावा अफगानिस्तान और मालद्वीप	सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे।

छात्र क्रियाएँ

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	[illegible]
	भी भौगोलिक निकटता के कारण भारत के अलावा अफगानिस्तान और मालदीव भी भौगोलिक निकटता के कारण भारत के पड़ोसी देश है।	
बोध परीक्षण	भारत के पड़ोसी देशों के नाम बताओ।	पाकिस्तान नेपाल, चू म्यांमार अ
भारत और पाकिस्तान	भारत और पाकिस्तान दोनों के मध्य संबंध हमेशा से ही तनावपूर्ण रहे हैं। इसका मुख्य कारण कश्मीर की समस्या है। पाकिस्तान कश्मीर पर अपना अधिकार करना चाहता है। जबकि यह भारत का अभिन्न अंग है दूसरा कारण है बांग्लादेश। पहले बांग्लादेश पाकिस्तान का ही अंग था। 1970 में आम चुनाव में शेख-मुजीब-उर-रहमान की पार्टी आवामी लीग थे।	

छात्र क्रियाएँ

विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ

पाकिस्तान मे पूर्ण बहुमत प्राप्त कर विजय प्राप्त की थी लेकिन पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान के नेतृत्व को स्वीकार नही किया जिसके कारण इन दोनों मे गृहयुद्ध छिड़ गया इसमे भारत ने बांग्लादेश का समर्थन किया जिससे क्रोधित होकर 1971 मे भारत पर आक्रमण हुआ । शिमला समझौते के द्वारा (जुलाई 1972) में युद्ध समाप्त हुआ था ।

बोध परीक्षण

पाकिस्तान ने भारत पर पहला आक्रमण कब किया ? — 1971 ई

किस समझौते द्वारा भारत-पाक युद्ध बंद हुआ ? — शिमला समझौत

भारत और चीन भूमि और जनसंख्या के आधार पर एशिया के दो बड़े देश है । जनसंख्या के आधा से चीन एशिया का सबसे बड़ा देश है अर्थात चीन एशिया सबसे घनी आबादी वाला देश है ।

छात्र क्रियाएँ

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रिया
	भारत और चीन के संबंध सीमा विवाद और तिब्बत की समस्या को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं। भारत द्वारा तिब्बतियों को शरण देना, सिक्किम का भारत में विलय और दोनों देशों के बीच सीमा-विवाद तनाव के मुख्य कारण हैं।	
बोध परीक्षण	भारत और चीन के मध्य तनाव का क्या कारण है?	सीमा-विवाद
	1950 में चीन ने हमला करके तिब्बत पर अपना कब्जा कर लिया। भारत ने 29 अप्रैल 1954 को एक संधि पर हस्ताक्षर करके इस समस्या को शांतिपूर्ण ढंग से हल कर लिया। 1950 में तिब्बत के आध्यात्मिक, धार्मिक गुरु दलाई लामा को भारत में शरण देने के कारण भारत और चीन के संबंध दोबारा से तनावपूर्ण होने लगा।	

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र ~~क्रियाएँ~~ (क्रियाएँ)
	नेपाल विश्व का एक मात्र हिन्दू राष्ट्र है। नेपाल और भारत के मध्य व्यापारिक तथा मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। 1955 में भारत के सहयोग से ही संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता प्राप्त हुई थी। 1955 में नेपाल के राजा ने निर्वाचित मंत्री मण्डल भंग कर दिया तथा संविधान को निरस्त कर दिया लोकतंत्र के प्रति भारत की आस्था को लेकर भारत और नेपाल के मध्य संबंध तनावपूर्ण हो गए	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण	नेपाल संयुक्त राष्ट्र का सदस्य कब बना?	1955 ई० मे
	जिससे नेपाल चीन की ओर झुक गया। तनावपूर्ण संबंधों का यह दौर 1961 तक चलता रहा। 1964 में व्यापक आर्थिक सहायता के कारण समझौते पर भारत और नेपाल ने हस्ताक्षर किए। 1975 में महाराजा वीरेन्द्र भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के मध्य व्यापारिक समझौता हुआ।	
	[illegible] और भारत के संबंध कैसे है?	व्यापारिक व मैत्रीपूर्ण

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	भारत और भूटान के बीच संबंध हमेशा घनिष्ठ तथा तनाव मुक्त रहे हैं। भारत और भूटान के बीच द्विपक्षीय संबंध अधिकांशतः 1949 की भारत-भूटान मैत्री संधि के ढांचे के अन्तर्गत संचालित होते हैं। इसके अनुसार भारत ने भूटान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा और भूटान ने अपने विदेशी मामलों में भारत की सलाह लेना स्वीकार किया तथा भूटान की सुरक्षा का उत्तरदायित्व भी सौंपा गया।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे
	भारत बांग्लादेश को मान्यता देने वाला विश्व का पहला देश है तथा भारत ने इसकी आर्थिक सहायता देने का आश्वासन भी दिया। दोनों देशों ने 1972 में 25 वर्षों के लिए "मैत्री और शांति के लिए संधि" पर हस्ताक्षर किए 1972 में व्यापक व्यापार समझौता हुआ।	

पुनरावृत्ति :→

पाकिस्तान के साथ भारत के कैसे संबंध है?

कश्मीर समस्या पर संक्षेप में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

भारत और चीन के मध्य कौन-सी सीमा रेखा है?

गृहकार्य :→

भारत के पड़ोसी राज्य के संबंध में विस्तार से टिप्पणी कीजिए।

निरीक्षक टिप्पणी :→

हस्ताक्षर

SCHOOL TEACHING PRACTICE LESSONS

Lesson No : 1

Date 26/11/2010 | Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita | Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 8th | Average Age of the pupils 14 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन | Topic खनिज पदार्थ

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

विद्यार्थी खनिज पदार्थों के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।
विद्यार्थी खनिज पदार्थ का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

विद्यार्थी खनिज पदार्थ पदार्थ के उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
विद्यार्थी खनिज पदार्थ और मानव के सम्बंध को बताने की योग्यता रखते होंगे।

विद्यार्थी खनिज पदार्थों से निष्कर्ष निकालने के योग्य होंगे।
विद्यार्थी खनिज पदार्थों को अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।

विद्यार्थी खनिज पदार्थों का विश्लेषण कर सकेंगे।
विद्यार्थी खनिज पदार्थों का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामाग्री,
सामान्य सामाग्री — श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, [illegible]
संकेतक, [illegible], आदि।
विशीष्ट सामाग्री — चार्ट, मॉडल, आदि

पूर्वज्ञान परीक्षा :→

धात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
सोना कहाँ से प्राप्त होता है?	खानों से।
सोने के अलावा और कौन-से पदार्थ खानों से प्राप्त होते हैं?	ताँबा, टिन, कोयला, अभ्रक, मैंगनीज आदि।
खानों से प्राप्त होने वाले पदार्थों को क्या कहते हैं?	असंतोषजनक उत्तर।

उपविषय की घोषणा :→

बच्चों, आज हम अपने देश में पाए जाने वाले खनिज पदार्थों के बारे में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

विषयवस्तु	धात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
खनिज पदार्थ	खनिज पदार्थ देश के औद्योगीकरण में बहुत सहायक होते हैं। यह देश को अमूल्य सम्पत्ति है। भारत में खनिज पदार्थों का विस्तृत भण्डार है। खनिज पदार्थ दो प्रकार के होते है :- धात्विक खनिज। अधात्विक खनिज।	बच्चे मौन बैठेंगे।

छात्र. क्रियाएँ

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रि...
धात्विक खनिज पदार्थ	धात्विक खनिज पदार्थों में तांबा, टिन, एल्यूमीनियम, जस्त, सीसा, सोना आदि सम्मिलित किए जाते हैं। ये सामान्यतः ठोस व भारी होते हैं। ये कड़े व चमकदार भी होते हैं।	बच्चे ध्यान पूर्वक सुने व लिखें
अधात्विक खनिज पदार्थ	अधात्विक खनिज पदार्थों में गंधक, कोयला, पैट्रोलियम और नमक को सम्मिलित किया जाता है। इनमें से कोयला और पैट्रोलियम सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। ये ऊर्जा के सबसे प्रमुख स्रोत है।	
बोध परीक्षण	धात्विक खनिज पदार्थों के नाम बताओ।	सोना, चाँदी तांबा, सीसा
लोहा	लोहा, औद्योगिक विकास की आधार शिला है। अनेक प्रकार की मशीनें, रेलगाड़ियाँ व जहाज लोहे से बनते हैं। इसकी सर्वव्यापी आवश्यकता है। भारत में लोहा मुख्यतः उड़ीसा बिहार के राज्यों में मयूरगंज बिहार में हजारी बाग तथा सिंहभूम नामक जगहों पर लोहा काफी मात्रा में पाया जाता है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

छात्र क्रियाएँ।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	[illegible]
अभ्रक	अभ्रक एक महत्वपूर्ण खनिज पदार्थ है। यह कई सौ C तक नहीं पिघलता इसमें से बिजली नहीं गुजर सकती। इसलिए यह बिजली की अनेक प्रकार की वस्तुओं को बनाने के काम में लाया जाता है। भारत में यह बिहार में गया, झारखण्ड के हजारीबाग, राजस्थान के भीलवाड़ा आदि में पाया जाता है।	सभी ब ध्यानपू सुनेंगे लिखेंगे
मैंगनीज	मैंगनीज उत्तम प्रकार की इस्पात बनाने रोगन व शीशे का सामान, बैट्री के सैल तथा अनेक उद्योग धंधों में काम आता है। यह मध्य प्रदेश में बालाघाट महाराष्ट्र में नागपुर तथा भण्डारा नामक स्थान पर पाया जाता है।	
बोध परीक्षण	लोहा किसकी आधारशिला है?	औद्योगिक विकास की
पैट्रोलियम	पैट्रोलियम चालक शक्ति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण खनिज पदार्थ है। विश्व के सभी वायुयान, मोटरें, पैट्रोल से चलते हैं भारत में पैट्रोलियम असम राज्य के डिगबोई गुजरात राज्य के अंकलेश्वर क्षेत्र में पाया जाता है।	
सोना	भारत में सोना मैसूर राज्य में कोलार की खानों से निकाला जाता है। यह आभूषण बनाने के काम आता है।	

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	भारत में इसका उत्पादन कम हो गया है। मध्यप्रदेश व उड़ीसा की नदियों में रेती में सोने की छोटी-२ डलियां मिल जाती है।	छात्र ध्य पूर्वक सु
बाक्साइड	बाक्साइड एक अयस्क है। इससे एल्यूमीनियम प्राप्त किया जाता है। इसका प्रयोग वायुयान, बर्तन व अन्य घरेलू वस्तुएँ बनाने में किया जाता है। यह भारत में उड़ीसा, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ तथा तामिलनाडू में पाया जाता है।	
बोध परीक्षण	बाक्साइड को किससे प्राप्त किया जाता है?	एल्यूमीनि
सीसा	सीसे का अयस्क गैलेन कहलाता है। सीसा मूल्यावान व भारी धातु है। इसका प्रयोग केबल, खेल, आयुध, रंग रोगन, काँच और रबड़ बनाने में होता है। सीसा देश के विभिन्न भागों में मिलता है। यह राजस्थान, आंध्रप्रदेश तथा तमिलनाडू से प्राप्त होता है। भारत में सीसा केवल 25% ही उत्पाद प्राप्त होता है।	

पुनरावृत्ति :→

खनिज पदार्थ किसे कहते हैं?

भारत में लोहा कहाँ-कहाँ पाया जाता

सीसे के अयस्क को क्या कहते हैं?

गृहकार्य :→

भारत में पाए जाने वाले खनिजों के वितरण को याद करके आना है।

निरीक्षक टिप्पणी :→

P.K. testing was good.
B.B. work was good.

Rajkala

हस्ताक्षर

Lesson No : 2

Date 27/11/2010

Duration of the period 35 Min

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class X th

Average Age of the pupils 16 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic लघु उद्योग

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

1 विद्यार्थी लघु उद्योग के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।

2 विद्यार्थी लघु उद्योग का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी लघु उद्योगों का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

4 विद्यार्थी लघु उद्योगों और मानव विकास में संबंध बताने की योग्यता रखते होंगे।

5 विद्यार्थी लघु उद्योग से निष्कर्ष निकालने के योग्य होंगे।

6 विद्यार्थी लघु उद्योग को अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।

7 विद्यार्थी लघु उद्योग का विश्लेषण कर सकेंगे।

8 विद्यार्थी लघु उद्योग का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, चार्ट, संकेतक, ~~माडल आदि~~ ।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकेतक, मॉडल ।

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
जीवन यापन के लिए मानव को क्या करना चाहिए ?	जीवन यापन के लिए मानव को छोटा-से छोटा कार्य भी करना चाहिए।
प्राचीन समय में लोग कौन-सी कला में निपुण होते थे ?	हस्तकला में
लघु उद्योग किस कहते है ?	बच्चों ने उत्तर नहीं दिया।

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम लघु उद्योगों के विषय में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे

प्रस्तुतीकरण :→

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	
लघु उद्योग का अर्थ :→	वे उद्योग होते हैं जो छोटे पैमाने पर चलाए जाते हैं। वे लघु उद्योग कहलाते हैं	विद्यार्थी मौन बैठेंगे।
समस्याएँ	हस्तकला खादी व जूता उद्योग आदि। लघु उद्योग आदि। लघु उद्योग से बहुत से लोगों को कार्य तो मिलता है।	

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	पर लघु उद्योग को पर्याप्त रूप से चलने में बहुत सी समस्याएँ आती है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक लिखेंगे
वित्त की समस्या:	वित्त की समस्या भी लघु उद्योगों के लिए बड़ी समस्या है क्योंकि ऋण प्राप्त करने के लिए इनके पास जमानत रखने के लिए सम्पत्ति नहीं होती	
बोध परीक्षण	हस्तकला किस उद्योग के अन्तर्गत आती है?	क लघु उद्योग
कच्चे माल का अभाव	लघु उद्योगों की सबसे बड़ी समस्या कच्चे माल का अभाव है। इन उद्योगों को कच्चा माल उचित मात्रा में नहीं मिलता और यदि मिलता भी है तो वह बहुत ही दोयम्या किस्म का होता है और अगर मिलता भी है तो महंगी कीमत पर मिलता है।	

छात्र क्रियाएँ

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	~~छात्र क्रियाएँ~~
पुरानी तकनीक	लघु उद्योगों में उत्पादन में पुराने तरीके अपनाए गए हैं जिससे कि इन की उत्पादकता में भी कमी आती है जिसे रुपए भी अधिक लागत भी अधिक लगती है। जिस कारण इनकी उत्पादकता में निरन्तर कमी आती है	विद्यार्थी ध्यान पूर्वक सुनेंगे
बोध परीक्षण	लघु उद्योगों में कौन-से तरीके अपनाए गए हैं?	पुराने तरीके
बिक्री संबंधी समस्याएँ:	लघु उद्योगों को कई बार बिक्री संबंधी कठिनाइयां भी सहन करनी पड़ती है क्योंकि उनके उत्पादन की बाहरी दिखावट अच्छी नहीं होती। इससे इनकी ~~समस्या~~ की मांग में कमी आ जाती है तथा इनकी उत्पादन की कीमत भी अधिक होती जाती है और इन्हें अपने उत्पादन को बचने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।	विद्यार्थी ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
ऋण की ऊँची दर :	लघु उद्योगों की उत्पादकता काफी ऊँची होती है क्योंकि इन्हें कच्चा माल महँगा मिलता है इस कारण इनकी कीमत भी ऊँची होती है और लागत भी अधिक होती है जिस कारण इन्हें ऋण की आवश्यकता होती है और ऋण भी ऊँची दर पर मिलता है जो कि काफी बड़ी समस्या है।	विद्यार्थी ध्यान पूर्वक सुनेंगे
बोध परीक्षण	कौन से उद्योगों की बाहरी दिखावट नहीं नहीं होती?	लघु उद्योगों की।
ऊँची लागत	लघु उद्योगों की लागत पूँजी अधिक होती है क्योंकि इन उद्योगों को कच्चा माल उचित कीमत पर न मिलकर महँगा मिलता है जिस कारण इसमें बहुत सी परेशानियां पैदा हो जाती है।	

पुनरावृत्ति :→

लघु उद्योगों से क्या तात्पर्य है?

लघु उद्योगों की समस्याओं का वर्णन कीजिए।

वित्त की समस्या उत्पादन को किस प्रकार प्रभावित करती है?

गृहकार्य :→

लघु उद्योगों का अर्थ बताते हुए इनको बचाने के सुझाव प्रकट करें।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Map was good and attractive.

हस्ताक्षर
Raheela

Lesson No :..3............

Duration of the period 35 मिनट

Date........

Pupil Teacher's Roll No. 509

Pupil Teacher's Name Kavita

Average Age of the pupils 12 वर्ष

Class 7th

Topic संचार के साधन

Subject सामाजिक अध्ययन

अनुदेशात्मक उद्देश्य :→

1 विद्यार्थी संचार के साधनों की सामान्य जानकारी रखते होंगे।

2 विद्यार्थी संचार के साधनों का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी संचार के साधनों का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

4 विद्यार्थी संचार के साधनों का मानव का सबंध बताने की योग्यता रखते होंगे।

5 विद्यार्थी संचार के साधनों से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।

6 विद्यार्थी संचार के साधनों को अपने दैनिक जीवन में उपयोग कर सकेंगे।

7 विद्यार्थी संचार के साधनों का विश्लेषण कर सकेंगे।

8 विद्यार्थी संचार के साधनों का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाडन, ~~चार्ट, मॉडल, संकेतक~~ आदि।

विशिष्ट सामग्री → मॉडल, संकेतक, चार्ट

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
हम अपने विचारों का आदान प्रदान कैसे करते है?	बोलकर, लिखकर या सांकेतिक हाव-भाव द्वारा।
हम विचारों का संचार कैसे करते है?	टेलीफोन, पत्र, डाक, तार आदि
संचार के साधनों के नाम बताओ	?

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों, आज हम संचार के साधनों के विषय में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
संचार का अर्थ	जब दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच संदेश विचारों आदि का आदान-प्रदान होता है यह संचार कहलाता है। संदेश भेजने व प्राप्त करने के लिए जिन साधनों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें संचार के साधन कहा जाता है।	सभी बच्चे मौन बैठेंगे।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
संचार के साधन :→	प्राचीन समय में संदेश को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिए कबूतरों, सैनिकों, पत्रों का प्रयोग किया जाता था लेकिन समय के साथ-साथ संचार के साधनों में भी परिवर्तन होता चला गया। इस समय देश में संचार साधनों के दो प्रमुख रूप हैं व्यक्तिगत संचार और जन संचार। निजी संचार से अभिप्राय संचार के उन साधनों से है जिनका प्रयोग हम अपने निजी संदेशों के आदान-प्रदान के लिए करते हैं।	सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण	वर्तमान समय में संचार साधनों के कितने रूप हैं?	दो रूप प्रमुख हैं
	उदाहरण के लिए टेलीफोन निजी संचार का साधन है। इसके विपरीत जन संचार के साधनों के द्वारा किसी सूचना को हजारों लोगों तक एक साथ पहुँचाया जा सकता है। इन साधनों में टेलीफोन, रेडियो, इंटरनेट, ई-मेल आदि संचार माध्यम शामिल हैं।	सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुनेंगे।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	संचार के कुछ साधनों का वर्णन निम्न लिखित है :—	सभी बच्चे अपनी नोट बुक में लिखेंगे
	1. डाकघर 2. टेलीफोन 3. आकाशवाणी 4. टेलीविजन 5. समाचार पत्र और पत्रिका	
1. डाकघर :	भारत में डाकघरों का जाल संसार में सबसे विशाल है। देश में 1·5 लाख डाकघर है। 89% डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में और शेष 11% डाकघर नगरों में सेवारत हैं। पोस्टकार्ड के बंडल, पंजीकृत समाचार-पत्र तथा साप्ताहिक समाचार-पत्र दूसरे दर्जे की डाक के अन्तर्गत आते हैं। डाक से हमें दूरस्थ स्थानों पर भी सूचनाएँ आसानी से भेज सकते हैं।	
बोध परीक्षण :	भारत में कितने डाकघर हैं ?	1·5 लाख लगभग
टेलीफोन :→	टेलीफोन संचार के साधनों में महत्वपूर्ण साधन हैं। देश में इस समय लगभग 34000 टेलीफोन एक्सचेंज है। देश के सभी नगरों को टेलीफोन की सुविधाएँ सुलभ हैं। दो-तिहाई गाँवों को भी ये सुविधाएँ उपलब्ध हैं।	

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
3. आकाशवाणी	आकाशवाणी जनसंचार का महत्व पूर्ण साधन है। आकाशवाणी के पास इस समय २०० रेडियो स्टेशन तथा ३२ ट्रांसमीटर्स हैं। इससे हम समाचार संवाद खेलों के विवरण, संगीत तथा विज्ञापन सुन सकते है। यह मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा प्रदान करने का भी सशक्त माध्यम है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण	भारत में कितने रेडियो स्टेशन है?	लगभग २००
4. टेलीविजन	टी. वी संचार का ऐसा साधन है जिसमें हम सूचनाओं को सुनते हैं तथा साथ-साथ देखते भी हैं। देश के 87% से अधिक भाग को दूरदर्शन विभिन्न प्रकार के लोगों के लिए मनोरंजन से लेकर शैक्षिक और खेल संबंधी विविध प्रकार के कार्यक्रम प्रसारित करता है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लि
5. समाचार-पत्र व पत्रिकाएँ	समाचार पत्र और पत्र-पत्रिकाएं संचार का एक प्रमुख साधन है। समाचार पत्र सबसे सस्ता संचार का साधन है। लगभग 100 भाषाओं और बोलियों में समाचार-पत्र व पत्रिकाएं प्रकाशित की जाती है।	

पुनरावृत्ति :—

देश में कितने टेलीफोन एक्सचेंज है

देश के कितने प्रतिशत भाग में दूर-दर्शन का प्रसारण सुलभ है?

प्रतिवर्ष भारत में कितने समाचार-पत्र व पत्रिकाओं का प्रकाशन होता है?

गृहकार्य :—

सभी बच्चे संचार के साधनों के विषय में लिखकर लाएगें व याद भी करेगें।

निरीक्षक टिप्पणी :—

Chart was used.
Teaching was good.

हस्ताक्षर

Rajkala

Lesson No : 4

Date 30/11/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 6th

Average Age of the pupils 12 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic जल मण्डल

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1 विद्यार्थी जलमण्डल के विषय की सामान्य जानकारी रखते होंगे।

2 विद्यार्थी जलमण्डल का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी जलमण्डल का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

4 विद्यार्थी जलमण्डल का अर्थ बताने की योग्यता रखते होंगे।

:→

5 विद्यार्थी जलमण्डल से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।

6 विद्यार्थी जलमण्डल से संबंधित जानकारी का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में कर सकेंगे।

:→

7 विद्यार्थी जलमण्डल का विश्लेषण कर सकेंगे।

8 विद्यार्थी जलमण्डल का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, चार्ट, संकेतक।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट संकेतक।

पूर्वज्ञान परीक्षा :→

छात्रा ध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
पर्यावरण किसे कहते हैं?	हमारे आस-पास के वातावरण को पर्यावरण कहते है।
पर्यावरण में कौन-कौन से तत्व शामिल है?	वायुमण्डल, जलमण्डल, स्थलमण्डल आदि।
जलमण्डल किसे कहते है?	समस्यात्मक प्रश्न।

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम जलमण्डल के विषय में विस्तारपूर्वक वर्णन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	टिप्पणियाँ
जलमण्डल	पृथ्वी को नीला ग्रह कहा जाता है पृथ्वी का 71% भाग जल से तथा 29% भाग स्थल है। जलमण्डल में जल के सभी रूप उपस्थित होते है इसमें महासागर एवं नदियां एवं हिमनदियां भूमिगत जल तथा वायुमण्डल का जलवाष्प भाग सभी सम्मिलित हैं।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक लिखेंगे।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
पृथ्वी :→	पृथ्वी पर पाये जाने वाले जल का 97% से अधिक भाग महासागरों में पाया जाता है लेकिन यह इतना खारा होता है कि मानव के उपयोग में नहीं आ सकता है। शेष जल का बहुत बड़ा भाग बर्फ की परतों एवं हिमनदियों तथा भूमिगत जल के रूप में पाया जाता है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे
	किस ग्रह को नीला ग्रह कहा जाता है।	पृथ्वी को
महासागर	महासागर जलमण्डल का मुख्य भाग है। यह आपस में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। महासागरीय जल हमेशा गतिशील रहता है। तरंगे, ज्वार भाटा तथा महासागरीय धाराएँ, महासागरीय जल की मुख्य तीन शक्तियाँ हैं और क्रमशः चार महासागर हैं। प्रशांत महासागर अटलांटिक महासागर हिन्द महासागर आर्कटिक महासागर	बच्चे ध्यानपू लिखेंगे।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
प्रशांत महासागर :→	प्रशांत महासागर सबसे बड़ा महासागर है। यह पृथ्वी के एक तिहाई भाग पर फैला है। पृथ्वी के सबसे गहरे भाग मे रियाणा गर्त है प्रशांत महासागर में स्थित है और यह वृत्ताकार है। एशिया आस्ट्रेलिया उत्तर एवं दक्षिण अमेरिका इसके चारों ओर स्थित है	सभी बच्चे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।
बोध परीक्षण:	पृथ्वी के कितने प्रतिशत भाग पर जल है ?	71% भाग पर जल है।
अटलांटिक महासागर	अटलांटिक महासागर विश्व का सबसे बड़ा महासागर है। यह अंग्रेजी भाषा के (एस) अक्षर के आकार का है। इसके पश्चिमी किनारे पर उत्तरी एवं दक्षिणी अमेरिका है। तथा पूर्वी किनारे पर यूरोप एवं अमेरिका है। व्यापार की दृष्टि से यह सबसे व्यस्त महासागर है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
हिन्द महासागर	हिन्द महासागर एक ऐसा सागर है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। यह महासागर लगभग त्रिभुजाकार है। इसके उत्तर में एशिया, पश्चिम में अफ्रीका तथा पूर्व में आस्ट्रेलिया है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण	किस महासागर का नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है?	हिन्द महासागर
आर्कटिक महासागर:	आर्कटिक महासागर उत्तरी ध्रुव वृत्त में स्थित है तथा यह उत्तर ध्रुव के चारों ओर फैला हुआ है। यह प्रशांत महासागर में छिछले जल वाले सकरे भाग से जुड़ा है जिसे बेरिंग जल संधि के नाम से जाना जाता है। यह उत्तर अमेरिका के उत्तरी तटों तथा यूरेशिया से घिरा है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक लिखेंगे।

पुनरावृत्ति :→

पृथ्वी के कितने प्रतिशत भाग पर जल है?

भूमिगत जल के बारे में आप क्या जानते है?

जल की मुख्य गतियाँ कौन-२ सी है?

सबसे बड़ा महासागर कौन सा है?

गृहकार्य :→

बच्चों जलमण्डल के सभी तथ्यों को याद करके आना है तथा कॉपी में लिखकर लाना है।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Raipala

हस्ताक्षर

Lesson No : 5

Date 1/12/2010 — Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita — Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 8th — Average Age of the pupils 14 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन — Topic महावीर स्वामी व उनकी शिक्षाएँ

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

1. विद्यार्थी महावीर स्वामी की जीवन शैली को जानने की योग्यता रखते होंगे।
2. विद्यार्थी महावीर स्वामी का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
3. विद्यार्थी महावीर स्वामी के जीवन से संबंधित उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
4. विद्यार्थी महावीर स्वामी और उनकी शिक्षाओं में संबंध बताने की योग्यता रखते होंगे।
5. विद्यार्थी महावीर स्वामी के जीवन से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे
6. विद्यार्थी महावीर स्वामी की शिक्षाओं को अपने जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।
7. विद्यार्थी महावीर स्वामी के जीवन का विश्लेषण कर सकेंगे।
8. विद्यार्थी महावीर स्वामी की शिक्षाओं का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चाक, झाड़न, संकेतक, चार्ट

विशिष्ट सामग्री → संकल्पना चार्ट

पूर्वज्ञान परीक्षण :—

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
बच्चों छठी शताब्दी में कौन-2 से धर्मों का उदय हुआ ?	जैन धर्म और बौद्ध धर्म।
छठी शताब्दी में कौन-से धर्म ने जटिल रूप धारण कर लिया था ?	वैदिक धर्म ने।
जैन धर्म के संस्थापक कौन थे ?	असंतोषजनक उत्तर।

उद्देश्य कथन :—

अच्छा बच्चों आज हम महावीर स्वामी तथा उनकी शिक्षाओं का अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :—

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	प्राचीन भारत में छठी शताब्दी में ईसा पूर्व दो प्रमुख धर्मों का उदय हुआ था। इनमें से एक जैन धर्म था। इस समय तक वैदिक धर्म जो सरल और सादा होता था बहुत जटिल हो चुका था। जाति बंधन कठोर हो गए थे। वैदिक धर्म व्यर्थ के कर्म-काण्डों का शिकार हो रहा था। ऐसे समय में महावीर स्वामी ने जनता का पथ-प्रदर्शन किया।	सभी बच्चे मौन बैठेंगे।

छात्र क्रियाएँ

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
महावीर स्वामी का जन्म	जैन धर्म के २४वें तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म ५९९ ई० पू० वैशाली के निकट कुण्ड नामक स्थान पर हुआ था। इनका बचपन का नाम वर्धमान था। इनके पिता का नाम सिद्धार्थ और माता का नाम त्रिशला था। इनके पिता वज्जि राज संघ के क्षात्रिक गण के प्रधान थे।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
विवाह :->	छोटी आयु में वर्धमान का विवाह यशोदा से हो गया। उनके घर एक कन्या भी उत्पन्न हुई।	
ज्ञान प्राप्ति	३० वर्ष की आयु में घर-बार छोड़कर सन्यासी हो गए। १२ वर्ष की घोर तपस्या के बाद उन्हें सच्चा ज्ञान प्राप्त हुआ और महावीर प्रथा अर्थात् विजेता कहलाए।	
बोध परीक्षण	महावीर स्वामी का जन्म कब हुआ?	५९९ ई० पू० में।
धर्म प्रचार :	ज्ञान प्राप्त करने के बाद वे ३० वर्षों तक एक स्थान से दूसरे स्थान तक घूमकर जैन धर्म का प्रचार करते रहे	
निर्वाण :	५२७ ई० पू० ७२ वर्ष की आयु में पटना में पहावा नामक स्थान पर उनका देहांत हो गया। महावीर जिन कहलाने के कारण उनके शिष्य तथा अनुयायी जैन कहलाए।	

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
बोध परीक्षण :	महावीर स्वामी की पत्नी का नाम क्या था ?	यशोदा
	महावीर स्वामी की शिक्षाएँ :→	
1. मोक्ष प्राप्ति :	आत्मा को कर्म बंधन से मुक्त करने को मुक्ति निर्वाण कहा जाता है। निर्वाण के तीन साधन है:- 1. सम्यक् विश्वास 2. सम्यक् ज्ञान 3. सम्यक चरित्र इन्हें जैन धर्म में त्रिरत्न कहते हैं।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
2. अहिंसा पर बल	जैन धर्म में अहिंसा पर सबसे अधिक बल दिया गया है। अहिंसा से अभिप्राय है :- किसी जीवधारी को कष्ट न देना। उनके अनुसार किसी भी जीव को मन, वाणी, कर्म से दुःख नहीं देना चाहिए। इसलिए जैनी नंगे पांव चलते हैं, पानी छानकर पीते हैं, मुंह पर पट्टी बांधते हैं।	
3. घोर तपस्या में विश्वास :	जैनी घोर तपस्या और शरीर को अधिक कष्ट देने में विश्वास रखते हैं। उनका विश्वास है कि भूखे रहकर प्राण त्यागने से मोक्ष प्राप्त होता है।	
बोध परीक्षण :	जैन धर्म में सबसे अधिक बल किस पर दिया गया है ?	अहिंसा पर।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
ईश्वर में अविश्वास :	जैनी ईश्वर के अस्तित्व को नहीं मानते। वे यह नहीं मानते कि ईश्वर ने संसार की रचना की है। वे ईश्वर की अपेक्षा तीर्थंकरों की पूजा करते हैं।	
जाति प्रथा में अविश्वास :	जैनी जाति प्रथा में विश्वास नहीं रखते उनके अनुसार वे सब व्यक्ति जो जैन मत में विश्वास रखते हैं, एक समान हैं, कोई छोटा या बड़ा तथा अछूत नहीं है।	
बोध परीक्षण	जैनी किसकी पूजा में विश्वास करते हैं?	तीर्थंकरों की
यज्ञ और बलि में अविश्वास	जैन धर्म के अनुसार यज्ञ और हवन को मोक्ष पाने के लिए आवश्यक नहीं माना। अहिंसा में विश्वास रखने के कारण वे पशु-बलि का भी विरोध करते हैं।	
पुनर्जन्म और कर्म में विश्वास	जैनी इस बात में विश्वास रखते हैं कि अच्छे कर्म, अच्छे जन्म का कारण बनते हैं और बुरे कर्म, बुरे जन्म का कारण हैं इसलिए व्यक्ति को अच्छे कर्म करने चाहिए।	
बोध परीक्षण	बुरे जन्म का क्या कारण होता है?	बुरे कर्म।
उच्च नैतिक जीवन :→	महावीर स्वामी ने अपने अनुयायियों को चोरी, चुगली, लोभ, क्रोध आदि से दूर रहकर सदाचारी जीवन का उपदेश दिया।	

पुनरावृत्ति :-

महावीर स्वामी का जन्म कब और कहाँ हुआ

महावीर स्वामी के माता-पिता का क्या नाम था ?

महावीर स्वामी ज्ञान प्राप्ति के बाद क्या कहलाए ?

महावीर स्वामी की मृत्यु कब और कहाँ हुई ?

गृहकार्य :-

महावीर स्वामी की जीवनी एवं उनकी शिक्षाओं को अपनी साफ कॉपी में लिखो व याद करो।

निरीक्षक टिप्पणी :-

Lesson No :6

Date 2/12/2010 Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 7th Average Age of the pupils 13 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन Topic पृथ्वी की सतह और आंतरिक संरचना

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1 विद्यार्थी पृथ्वी की आंतरिक संरचना की सामान्य जानकारी रखते होंगे।

2 विद्यार्थी पृथ्वी की सतह का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी पृथ्वी की आंतरिक संरचना से संबंधित उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

4 विद्यार्थी पृथ्वी की आंतरिक संरचना का सामान्यीकरण करने की योग्यता रखते होंगे।

5 विद्यार्थी पृथ्वी की आंतरिक संरचना से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।

6 विद्यार्थी पृथ्वी की सतह और आंतरिक संरचना का कारण बताने की योग्यता रखते होंगे।

→

7 विद्यार्थी पृथ्वी की सतह और आंतरिक संरचना का विश्लेषण कर सकेंगे।

8 विद्यार्थी पृथ्वी की सतह और आंतरिक संरचना का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, ~~चार्ट, मॉडल, संकेतक आदि।~~

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, मॉडल, संकेतक

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
हमारी पृथ्वी का आकार कैसा है?	गोल।
हमें खनिज पदार्थ कहाँ से मिलते हैं?	पृथ्वी से।
पृथ्वी की आंतरिक संरचना किस प्रकार हुई है?	असंतोष जनक उत्तर।

उद्देश्य कथन :→

बच्चों आज हम पृथ्वी की सतह तथा आंतरिक संरचना के बारे में अध्ययन करेंगे

प्रस्तुतीकरण :→

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
•	पृथ्वी का निर्माण 5000 करोड़ वर्ष पूर्व हुआ पृथ्वी पहले सूर्य की भाँति एक आग का गोला थी। धीरे-2 इसका तापमान कम होता गया जिससे पृथ्वी ठंडी हो गई। इस से हल्के पदार्थ ऊपरी सतह पर व भारी पदार्थ पृथ्वी के नीचे गए। जिससे क्रोड का निर्माण हुआ।	छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे

विषयवस्तु	छात्र/अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	पृथ्वी के धरातल का एक तिहाई से कम (29%) तथा अधिकांश 3/4 भाग (70%) जल से घिरा हुआ है। अकेले प्रशांत महासागर का क्षेत्रफल 16 करोड़ वर्ग कि०मी० ही सारे महाद्वीपों तथा द्वीपों के सम्मिलित क्षेत्र से अधिक है पृथ्वी पर जल का वितरण व स्थल का वितरण समान नहीं है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण	पृथ्वी का निर्माण कितने वर्ष पूर्व हुआ	500 करोड़ वर्ष पूर्व।
	हमारी पृथ्वी के धरातल पर विविध प्रकार के स्थल रूप पाए जाते हैं। यहाँ ऊँचे पर्वत तथा गहरी घाटियाँ, विस्तृत मैदान तथा उच्च भूमि व पठार फैले हुए हैं। इन स्थलरूपों तथा उच्च भूमि आकृतियों की विविधता ने इस ग्रह (पृथ्वी) पर लोगों के फैलाव व उनकी गतिविधियों को प्रभावित किया है। पृथ्वी के धरातल की ऊँचाइयों व निचाइयों को सम्मिलित रूप से उच्चावच कहते हैं। इसे समुद्र तल को आधार मानकर मापा जाता है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण	पृथ्वी के धरातल पर क्या पाए जाते हैं?	विविध प्रकार के स्थल रूप।

1.

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	पृथ्वी की आंतरिक संरचना का पता भूकंपीय तरंगों से लगाया जाता है। जिन्हें हम सिस्मिक तरंगे भूकम्प के उदगम केन्द्र से उत्पन्न होती है इनकी गति उन पदार्थों पर निर्भर करती है जिनसे होकर ये गुजरती है। पी॰ तरंगे (प्राथमिक तरंगे) एस॰ तरंगे (गौण तरंगे) इनके माध्यम से हम पृथ्वी के आंतरिक भागों का पता लगाते हैं। पृथ्वी की मुख्य तीन परते हैं– भूपर्पटी ऊपरी मैंटल और नीचला मैंटल आंतरिक क्रोड व बाह्य क्रोड	सभी का ध्यानपूर्वक सुनेंगे लिखेंगे
बोध परीक्षण	पृथ्वी की मुख्य कितनी परते हैं?	मुख्य तीन परते
	एक पतली ठोस परत पृथ्वी को बाहर से घेरे हुए हैं। इस परत को भूपर्पटी कहते हैं। भूपर्पटी की मोटाई भिन्न भिन्न स्थानों पर भिन्न 2 होती है। समुद्र की तलहटी का निर्माण करने वाली भूपर्पटी प्राय 5 से 7 कि॰मी॰ मोटी होती है जबकि महाद्वीपों की भूपर्पटी औसत रूप से 35 कि॰मी॰ मोटी होती है। शैलसमूह इस भूपर्पटी का निर्माण करती है।	

विषयवस्तु	छात्र-अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	भूपर्पटी के नीचे एक बहुत मोटी परत पाई जाती है जिससे मैंटल कहते हैं। मैंटल 2900 कि०मी० तक पाई जाती है परंतु पूरा मैंटल सर्वत्र एक-सा नहीं होता। 100कि० मी० तक भाग ऊपरी मैंटल कहलाता है। 100 कि० मी० के नीचे आंतरिक मैंटल कहलाता है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
बोध परीक्षण	भूपर्पटी की मोटाई कितनी है?	5 से 7 कि०मी०
	पृथ्वी के भीतर वाला भाग क्रोड कहलाता है। इसका अर्द्धव्यास 3470 कि०मी० होता है। इसे दो भागों में बाँटा जाता है :→ बाह्य क्रोड (ii) आंतरिक क्रोड लोहा व निकल के क्रोड का निर्माण करते हैं। खनिज, पैट्रोलियम, गैस व पैट्रोलियम तेल भी हमें आंतरिक क्रोड से प्राप्त होते हैं। जब हम भूपर्पटी को खनिजों के लिए खोदते हैं तो धरातल के निकट भागों की अपेक्षा नीचे के भागों में शैले अधिक गर्म पाई जाती है। पृथ्वी की इस गर्मी से ज्वालामुखी पर्वतों का निर्माण होता है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।

पुनरावृत्ति :→

पृथ्वी का निर्माण कितने वर्ष पूर्व हुआ ?

पृथ्वी की बाह्य परत को क्या कहते हैं ?

पृथ्वी की निचली परत से हमें क्या प्राप्त होता है ?

गृहकार्य :→ सभी बच्चों को पृथ्वी की तीनों परतों का सम्पूर्ण अध्ययन करना है।

निरीक्षक टिप्पणी :→

हस्ताक्षर

Lesson No : 7

Date 3/12/2010 | Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita | Pupil Teacher's Roll No. 509

Class IXth | Average Age of the pupils 14 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन | Topic राजा राम मोहन राय

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1 विद्यार्थी राजा राम मोहन राय की सामान्य जानकारी रखते होंगे।
2 विद्यार्थी राजा राम मोहन राय का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी राजा राम मोहन और उसकी गतिविधियों में संबंध बताने की योग्यता रखते होंगे।
4 विद्यार्थी राजा राम मोहन राय द्वारा किए गये कार्यों को बताने की योग्यता रखते होंगे।

→
5 विद्यार्थी राजा राम मोहन की जीवनी से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
6 विद्यार्थी राजा राम मोहन राय के कार्यों को अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।

→
7 विद्यार्थी राजा राम मोहन राय के जीवन का विश्लेषण कर सकेंगे
8 विद्यार्थी उनके द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, ~~चार्ट, मॉडल, संकेतक~~।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकेतक, मॉडल

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
बच्चों भारत के कुछ प्रसिद्ध समाज सुधारकों के नाम बताओ	स्वामी दयानन्द, अम्बेडकर, ज्योतिबा महात्मा गांधी आदि।
समाज सुधारकों का हमारे देश में महत्वपूर्ण स्थान क्यों है?	समाज सुधारकों ने अपने कठिन परिश्रम से समाज में व्याप्त कुरीतियों का खण्डन करके समाज तथा देश के भविष्य उज्ज्वल किया।
एक ऐसे समाज सुधारक का नाम बताओ जिसने नारी के उत्थान पर बल दिया?	असंतोषजनक उत्तर

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम राजा राममोहन राय के विषय में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
विषयवस्तु भूमिका :→ राजा राममोहन राय का जन्म सन् 1772 ई० में हुआ था। इन्होंने अपने जीवन काल में अनेक समाज सुधारक कार्य किए। इन्होंने हिन्दू धर्म का गहराई से अध्ययन किया और भारत-वर्ष में शिक्षा के प्रचार और प्रसार में अमूल्य योगदान दिया। राजाराम मोहन राय ने सामाजिक कुरीतियों पर विशेष ध्यान दिया और लार्ड विलियम बेंटिक को सती प्रथा को समाप्त करने में सराहनीय योगदान दिया।	

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	इन सब के अतिरिक्त एकेश्वर का प्रचार करने के लिए राममोहन राय ने ब्रह्म समाज की स्थापना की। ब्रह्म समाज ने बंगाल प्रांत में विशेष उन्नति की। श्रीयुत केशवचन्द्र सेन (1838-1884 ई०) ने ब्रह्म समाज में पदार्पण किया तो और अधिक प्रगति होने लगी। ब्रह्म समाज के समर्थक मूर्ति पूजा को निरर्थक समझते थे और जाति-पाँति में विश्वास नहीं रखते थे। विधवा विवाह, नारी जाति की स्वतंत्रता में विश्वास रखते थे।	
बोध परीक्षण	ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की	राजाराम मोहन राय ने।
राममोहन राय एक समाज सुधारक के रूप में :->	राजा राममोहन राय की ख्याति मूलत: उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के कारण ही भारत में फैली और वह जन-जन के नायक बन बैठे। उन्होंने भारत में सामाजिक क्रांति का सूत्रपात किया। इस क्रांति को शुरू करने की प्रेरणा उन्हें भारतीय समाज में बढ़ती स्वार्थपरता, धर्मान्धता, रूढ़िवादिता से मिली जिसने भारतीय समाज को रूढ़ियों अथवा बंधनों में जकड़ लिया था। राजा राममोहन राय ने तत्कालीन कुप्रथाओं व कुरीतियों का विरोध तथा मुस्लिम शासन की ऐसी विनाशकारी देन की जम कर आलोचना की।	

विषय वस्तु	छात्रा/अध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ

प्राचीन परम्पराओं के अंधानुकरण का विरोध :-

राय ने अनुभव किया कि भारतीय समाज में आई गिरावट का एक प्रमुख कारण भारतीयों द्वारा प्राचीन परम्पराओं का अंधा अनुकरण करना है। प्राय: समाज में जो कोई कार्य एक समय किसी विशेष परिस्थितियों में हो जाता है। आगे भी जनता के द्वारा बिना सोचे समझे उसे जारी रखा जाता है। उनका विचार था कि यह बात किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

मूर्ति पूजा का विरोध :-

राय जी हिन्दू समाज के समस्त दोषों का मूल कारण मूर्ति-पूजा को मानते थे इसलिए उन्होंने मूर्ति-पूजा का विरोध किया। उनका तर्क था कि मूर्ति पूजा ने असंख्य विभाजन और उपविभाजन उत्पन्न करके हिन्दू समाज की जड़ों पर कुठाराघात किया।

सती प्रथा का उन्मूलन :-

उस समय भारतीय समाज विशेषत: हिन्दुओं में कई बुराईयां आ गई थी जिसमें सती-प्रथा प्रमुख थी। इस प्रथा के कारण प्रतिवर्ष हजारों स्त्रियों को स्वेच्छा से या बलपूर्वक सती होने के लिए विवश किया जाता था। यह अमानवीय प्रथा हमारे देश में शताब्दियों से चली आ रही थी और इसके उन्मूलन के लिए अनेक प्रयास किया। फलस्वरूप विलियम बैंटिक ने 1829 में एक आदेश जारी करके सती प्रथा को अवैध किया।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
नारी उत्थान पर बल :→	राय ने महसूस किया कि तत्कालीन समाज में नारी की स्थिति बहुत दयनीय थी। इसके विरोध में अपने विचार प्रकट करते हुए राय लिखते हैं कि जिस समाज में प्राचीन काल से नारी को अर्द्धांगिनी माना जाता था और जिसके अभाव में कोई भी धार्मिक कार्य पूर्ण नहीं समझा जाता था कैसे उस नारी की इस समय स्थिति दयनीय हो सकती है।	
बोध परीक्षण	सती प्रथा पर कब रोक लगाई गई?	1829 ई० में
स्त्री जाति के गौरव पर बल	राय ने स्त्रियों को सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें अपने इतिहास व धार्मिक ग्रन्थों के प्रमुख स्त्री पात्रों द्वारा किए गए आश्चर्यजनक कार्यों से परिचित करवाया कि अतीत में हिन्दू स्त्रियों को समाज में सम्मानित स्थान प्राप्त था।	
शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी	राय ने अपनी शिक्षा संबंधी नीति व विचारों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी रखने का सुझाव दिया था। राय ने स्वयं अंग्रेजी भाषा के अध्ययन द्वारा कई यूरोपीय विद्वानों के चिंतन का अध्ययन किया।	

पुनरावृत्ति :→

राजा राम मोहन राय का जन्म कब हुआ ?

राजा राममोहन ने नारी उत्थान के लिए कौन से कार्य किए ?

राजा राम मोहन राय ने शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी बनाने पर विशेष बल क्यों दिया ?

गृहकार्य :→

राजा राम मोहन राय सच्चे अर्थों में एक समाज सुधारक थे। टिप्पणी कीजिए।

निरीक्षक टिप्पणी :→

B.B. work was good.

Rajkala
हस्ताक्षर

Lesson No : 8

Date 4/12/2020 Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 10th Average Age of the pupils 16 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन Topic भारतीय अर्थ व्यवस्था

:- अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

1 विद्यार्थी भारतीय अर्थ व्यवस्था की विशेषताएँ पहचानने की योग्यता रखते होंगे।

2 विद्यार्थी भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताओं का सामान्यीकरण कर सकेंगे।

4 :- विद्यार्थी अर्थव्यवस्था के विषय मे निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।

5 :- विद्यार्थी भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएँ बताने की योग्यता रखते होंगे।

6 :- विद्यार्थी भारतीय अर्थ व्यवस्था का विश्लेषण कर सकेंगे।

7 :- विद्यार्थी भारतीय अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चाक, झाड़न, संकेतक, ~~चार्ट~~ आदि।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकेतक।

पूर्वज्ञान परीक्षा :-

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
भारत कैसा देश है ?	विकासशील देश ।
हमारे देश में गरीबी क्यों है?	आय में कमी के कारण ।
भारतीय अर्थव्यवस्था से क्या अभिप्राय है ?	असंतोष जनक उत्तर

उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चों आज हम भारतीय अर्थव्यवस्था के विषय में अध्ययन करेंगे ।

प्रस्तुतीकरण :

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
भारतीय अर्थव्यवस्था	भारतीय अर्थव्यवस्था प्राथमिक विकास शील अर्थव्यवस्था है । यद्यपि आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था पिछड़ी है लेकिन अब यह गरीबी के दुश्चक्र से बाहर है । यहाँ की कुल कार्य शील जनसंख्या का लगभग 52% भाग आज कृषि में लगा हुआ है	सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	जबकि सकल घरेलू उत्पाद में कृषि-क्षेत्र का योगदान 17·8% है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की विशेषताओं को निम्नलिखित बिन्दुओं में अलग-अलग प्रस्तुत किया है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
बोध परीक्षण	सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान कितने प्रतिशत है?	सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 17·8% है।
ग्रामीण तथा कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था	स्वतंत्रता के 60 वर्ष बाद भी भारत की 52% श्रमशक्ति कृषि क्षेत्र में लगी हुई है तथा राष्ट्रीय आय में इतना योगदान लगभग 17·8% है। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थ-व्यवस्था अभी भी कृषि प्रधान है।	
बोध परीक्षण:	भारत की कितने प्रतिशत श्रमशक्ति कृषि में लगी हुई है?	52%

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
मिश्रित अर्थ व्यवस्था :→	भारत ने अपने विकास के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया है ताकि इसका समाजवादी लक्ष्य पूरा हो सके अपने सम्पूर्ण योजनाकाल में सरकार ने लगभग 45% पूँजी सार्वजानिक क्षेत्र में निवेश किया है।	बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
बोध परीक्षण	भारत ने कैसी अर्थव्यवस्था को अपनाया है ?	भारत ने अपने विकास के लिए मिश्रित अर्थ-व्यवस्था को अपनाया है।
	सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र में कितने प्रतिशत पूँजी निवेश किया है ?	सरकार ने सार्व-जनिक क्षेत्र में 45% पूंजी निवेश किया है।
	परन्तु उत्पादन के स्त्रोतों और साधनों पर आज भी निजी क्षेत्र का (लगभग 80%) बना हुआ है।	

छात्र क्रियाऐं

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
अल्प विकसित अर्थ व्यवस्था	भारतीय अर्थ व्यवस्था के अल्प विकसित होने की पुष्टि निम्न तथ्यों से की जा सकती है बेरोजगारी का स्तर काफी ऊँचा है। सन २००४-२००५ में बेरोजगारी की संख्या ३४.७४ मिलियन है। पूँजी व संसाधनों की न्यूनता है तथा सकल घरेलू बचत की दर काफी नीची है। घरेलू बचत की दर ३७.७% के आस-पास रही है।	बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेगें लिखेंगे
बोधपरीक्षण	सन् २००४-०५ में बेरोजगारी की संख्या कितनी थी?	३४.७४ मिलियन
	निर्धनता रेखा से नीचे की जनसंख्या आबादी का लगभग २१.७% है। विश्व बैंक की विश्व विकास सूचक शीर्षक से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार विश्व की १.३ अरब निर्धनजन संख्या का सर्वाधिक ३६% भाग भारत में है। इस निर्धन की आय एक डालर प्रतिदिन से भी कम है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेगे।

पुनरावृत्ति :—

- भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कुल आबादी का लगभग कितना प्रतिशत है ?
- भारत कितने प्रतिशत कृषि क्षेत्र में कार्य कर रहा है ?
- सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान कितने प्रतिशत है ?

गृहकार्य :—

- अर्थ व्यवस्था से क्या तात्पर्य है ? भारतीय अर्थ-व्यवस्था की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

निरीक्षक टिप्पणी :—

Rajkala

हस्ताक्षर

Lesson No : 9

Date 6/12/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 9th

Average Age of the pupils 15 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic मौलिक अधिकार

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :—

1 :— विद्यार्थी मौलिक अधिकारों को जानने की योग्यता रखते होंगे।

2 :— विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 — विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

4 — ~~विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का~~

5 विद्यार्थी मौलिक अधिकारों से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।

6 विद्यार्थी मौलिक अधिकारों की आवश्यकता बताने की योग्यता रखते होंगे।

7 विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का विश्लेषण कर सकेंगे।

8 विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री —— श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, संकेतक, ~~चार्ट, मॉडल आदि~~।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, मॉडल, संकेतक

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
हमारा देश कब स्वतंत्र हुआ?	15 अगस्त 1947 को।
अधिकार किसे कहते है?	हमारे, लोगों, हमारे समाज, तथा सरकारी से जो दावा होता है, वो अधिकार हैं।
मौलिक अधिकारों किसे कहते हैं?	संतोषजनक उत्तर नहीं दिया

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम मौलिक अधिकार के विषय में अध्ययन करेंगे

प्रस्तुतीकरण :→

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	प्रत्येक देश के नागरिक के कुछ अधिकार होते है, इनमें से कुछ अधिकार व्यक्ति के जीवन में बहुत आवश्यक होते हैं जैसे सिविल, तांत्रिक अधिकार / सरकार को चलाने के लिए बल्कि ये व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करने के लिए आवश्यक होते हैं।	सभी छात्र ध्यान-पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
मौलिक अधिकार :	संविधान के द्वारा जो अधिकार हमें प्राप्त है। उन्हें मौलिक अधिकार कहते हैं। भारतीय संविधान के अनुसार नागरिक को 6 मौलिक अधिकार प्राप्त हैं।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
समानता का अधिकार :	इस अधिकार के अनुसार कानून के समक्ष सभी समान हैं। कानून धर्म, जाति रंग और मत के अनुसार कोई भेद-भाव नहीं होता है सरकारी पदों पर योग्यताओं के अनुसार रखा जाता है कानून सबकी बराबर रक्षा करता है इस अधिकार में सब समान रूप से देखे जाते हैं।	
बोध परीक्षण :	मौलिक अधिकार किसे कहते हैं ?	संविधान द्वारा जो अधिकार हमें प्राप्त हैं, उन्हें मौलिक अधिकार कहते हैं।
	संविधान के अनुसार नागरिक को कितने मौलिक प्राप्त हैं ?	6 मौलिक अधिकार प्राप्त हैं।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएं
स्वतंत्रता का अधिकार	इस अधिकार में व्यक्ति अपने विचार स्वतंत्रता पूर्वक व्यक्त कर सकता है। यह कोई भी संघ या संस्था बना सकता है। स्वतंत्रता से कहीं भी आ जा सकता है। भारत को किसी भी कोने में जा कर नौकरी या व्यापार कर सकता है। वह अपनी इच्छा अनुसार कोई भी व्यवसाय चुन सकता है	सभी बच्चे ध्यान पूर्व सुनेंगे लिखेंगे
बोध परीक्षण	स्वतंत्रता के अधिकार में व्यक्ति क्या कर सकता है?	इस अधिक व्यक्ति भा किसी भी भ्रमण कर
शोषण के विरुद्ध अधिकार:	इस अधिकार के अन्तर्गत व्यक्ति को किसी का शोषण करने का अधिकार नहीं है। शोषण से बचने के लिए भारतीय नागरिकों को निम्न लिखित अधिकार प्राप्त है। मनुष्य को खरीद पर रोक, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम करवाने पर रोक, इस प्रकार कोई भी व्यक्ति दूसरों पर जबरदस्ती कोई काम सौंप नहीं सकता। ऐसा करने से सरकार उसे दण्ड देती है।	सभी ब ध्यानपूर्व सुनेंगे व

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएं
धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार:	भारतीय संविधान ने सभी धर्मों के नागरिकों को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना कोई भी धर्म अपनाने की स्वतंत्रता है और वह खुले दिल से उसका प्रचार या प्रसार कर सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के अनुसार पूजा व उपासना करने का अधिकार है।	सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे
बोध परीक्षण	संविधान के अनुसार हम कितनी उम्र से कम बच्चों से काम नहीं करवा सकते है?	14 वर्ष की आयु के बच्चे से।
संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार	भारत के सभी नागरिकों के संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार दिया है। सभी नागरिकों को अपनी संस्कृति की सुरक्षा करने का पूर्ण अधिकार है। वह शिक्षा कभी ले सकता है। किसी भी उम्र में शिक्षा प्राप्त कर सकता है।	
बोध परीक्षण	धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में व्यक्ति क्या कर सकता है?	व्यक्ति अपने धर्म का प्रचार व प्रसार कर सकता है।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार:	भारतीय संविधान में नागरिकों को मौलिक कर्त्तव्य की रक्षा करने का अधिकार दिया गया है कि वह अपने मौलिक कर्तव्य की रक्षा करने के लिए न्यायालय में जाकर अपील कर सकता है।	छात्र ध्यान-पूर्वक सुनेंगे

पुनरावृत्ति :→

संविधान द्वारा हमें जो अधिकार प्राप्त है, उन्हें क्या कहते हैं?
मौलिक अधिकार कितने प्रकार के होते हैं?
शोषण के विरुद्ध अधिकार में कौन-से अधिकार प्राप्त हैं?

गृहकार्य :→

मौलिक अधिकारों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajlaxmi
हस्ताक्षर

Lesson No : 10

Date 7/12/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 10th

Average Age of the pupils 16 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic भारत में कृषि के पिछड़े होने के कारण

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1. विद्यार्थी कृषि को पहचानने की योग्यता रखते होंगे।
2. विद्यार्थी कृषि का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
3. विद्यार्थी कृषि का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
4. ~~विद्यार्थी~~ कृषि का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
5. विद्यार्थी कृषि का निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
6. विद्यार्थी मानव जीवन में कृषि के महत्व को बताने की योग्यता रखते होंगे।
7. विद्यार्थी कृषि का विश्लेषण कर सकेंगे।
   विद्यार्थी कृषि का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →
सामान्य सामग्री → 8. श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, ~~चार्ट, मॉडल~~ ~~संकेतक~~।
विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकेतक, मॉडल

पूर्वज्ञान परीक्षा :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
भारत की अधिकतर जनसंख्या कहाँ रहती है ?	गाँव में ।
भारत के गाँव में लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या है ?	कृषि ।
भारत में कृषि के पिछड़ेपन का क्या कारण है ?	बच्चों ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया ।

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम कृषि के पिछड़ेपन के के विषय में अध्ययन करेंगें ।

प्रस्तुतीकरण :→

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
प्रस्तावना:	भारत एक कृषि प्रधान देश है । इसकी 72% जनसंख्या गाँव में तथा लोग गाँव में काम करते हैं । कृषि सभी उद्योगों की जननी और मानव जीवन का पोषण रही है । यह सभी विज्ञानों, कलाओं की सिर मौर सभ्यता का प्रतीक और प्रगति का सूचांक माना गया है ।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	हमारी भारतीय कृषि पिछड़ी हुई है जिसके निम्न कारण है:-	
बोध परीक्षण	भारत की कितने प्रतिशत जनसंख्या गाँव में निवास करती है?	72%
लगातार खेती	लगातार खेती का अर्थ है कि एक भूमि पर बार-बार खेती करना। भारत में हजारों वर्षो से खेती हो रही है। लगातार खेती से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है।	सभी छ, ध्यानपूर्व सुनेंगे।
पुरानी तकनीक	पुरानी तकनीक का अर्थ है कृषि में पुरानी विधियों का प्रयोग करना। लोग पुरानी एवं रूढ़िवादी परम्पराओं और विचारधारा के कारण कृषि की पुरानी विधियों का प्रयोग करते हैं।	
बोध परीक्षण	पुरानी तकनीक का क्या अर्थ है?	कृषि में पुरानी विधियों का प्रयोग करना

छात्र क्रियाएँ

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	~~छात्र क्रियाएँ~~
सस्ते बीजों का प्रयोग:-	किसान सस्ते बीजों का प्रयोग करते हैं जिससे कृषि उपज भी कम हो जाती है और फसल में बिमारी लगने की सम्भावना रहती है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे
शिक्षा की कमी	ग्रामीण क्षेत्रों में रहने के कारण अधिकतर किसान अशिक्षित होते हैं जिससे वे नई तकनीकों, अच्छे किस्म के बीजों के ज्ञान में अपरिचित रहते हैं।	
बोध परीक्षण	सस्ते बीजों के प्रयोग से किसकी सम्भावना रहती है?	सस्ते बीजों के प्रयोग से फसल में बिमारी लगने की सम्भावना रहती है।
प्राकृतिक अभाव-	प्राकृतिक अभाव वे होते हैं जो प्रकृति द्वारा होते हैं न कि मनुष्य द्वारा। जैसे-> कभी किसी क्षेत्र में वर्षा होती है कहीं अकाल पड़ जाता है। अकाल, बाढ़, वर्षा यह सभी प्राकृतिक देन हैं।	

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
खेती का आकार छोटा :→	भारत में खेती का आकार बहुत छोटा है जिसके कारण वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग नहीं पाता।	सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे।
अच्छी खादों का प्रयोग न होना	ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की स्थिति अच्छी नहीं होती है जिसके कारण वे उन्नत किस्म के खादों का प्रयोग नहीं कर पाते।	
सिंचाई के साधन	भारत में आज भी कृषि क्षेत्र का बहुत बड़ा भाग वर्षा पर आधारित है। वर्षा के समय पर न आने से फसल खराब हो जाती है जिससे कृषि कम हो जाती है।	
बोध परीक्षण	किसान कैसे बीजों का प्रयोग करता है?	सस्ते बीजों
	किसान कैसी विधियों का प्रयोग करता है?	पुरानी विधि का।
बंजर भूमि :→	भारत के बहुत बड़े भाग की भूमि बंजर पड़ी हुई है जिसके कारण उस पर खेती करना सम्भव नहीं है।	

पुनरावृत्ति :→

कृषि कार्यों में कितने प्रतिशत जनसंख्या कार्यरत है?

कृषि में पिछड़ेपन के कोई तीन कारण बताइए।

सिंचाई के साधन कृषि को कैसे प्रभावित करते है?

गृहकार्य :→

सभी बच्चे भारत में कृषि के पिछड़ेपन के कारणों का विस्तार से वर्णन करे।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Chart was used.
Presentation was good.

Paikala
हस्ताक्षर

Lesson No : 11

Date 8/12/10

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 9th

Average Age of the pupils 15 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic संसद

अनदेशनात्मक उद्देश्य :→

1. विद्यार्थी संसद के विषय में जानते होगें।
2. विद्यार्थी ससंद का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होगें।
3. विद्यार्थी ससंद के अर्थ को बताने की योग्यता रखते होगें।
4. विद्यार्थी ससंद और नागरिको के संबंध बताने की योग्यता रखते होगे।
5. विद्यार्थी संसद का निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होगे।
6. विद्यार्थी ससंद के गठन का कारण बताने की योग्यता रखते होगें।
7. विद्यार्थी ससंद का विश्लेषण कर सकेगें।
   विद्यार्थी संसद का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, ~~चार्ट, संकेतक, मॉडल~~।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकेतक, मॉडल

पूर्वज्ञान परीक्षा :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
राज्य स्तर पर कानून बनाने वाली संस्था को क्या कहते है ?	विधान पालिका ।
विधान पालिका के कितने सदन होते है ?	दो सदन ।
पूरे देश का कानून बनाने वाली संस्था कौन सी है ।	बच्चों ने सही उत्तर नही दिया

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम संसद के विषय में विस्तार पूर्वक वर्णन करेगें ।

प्रस्तुतीकरण :→

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ ~~छात्र क्रियाएँ~~
		छात्र ध्यानपूर्वक सुनेगे व लिखेगे

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
संसद :→	बच्चो जिस प्रकार राज्य में कानून बनाने के लिए विधान पालिका होती है। उसी प्रकार केन्द्रीय स्तर पर कानून बनाने के लिए संसद होती है। इसे पार्लियामेंट भी कहते है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेगे व लिखेंगे।
संसद के सदन	संसद के दो सदन होते हैं। लोकसभा और राज्यसभा लोकसभा को निम्न सदन कहते हैं और राज्य सभा को उच्च सदन कहते है।	
बोध परीक्षण:	संसद के कितने सदन होते है ?	दो सदन
लोकसभा की रचना :→	बच्चो लोक सभा में अधिकतम 550 सदस्य चुने जाते है। इसमें 20 सदस्य अधिक से अधिक शासित क्षेत्रों से हो सकते हैं। राष्ट्रपति एंग्लो-इण्डियन समुदाय के दो सदस्यों को जो चुनाव में प्रतिनिधित्व न मिला हो तो मनोनीत कर सकता है और लोकसभा का कार्यकाल 5 वर्ष होता है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
लोकसभा सदस्यों की योग्यताएं :→	लोकसभा का सदस्य बनने के लिए व्यक्ति को भारत का नागरिक होना चाहिए। उसकी आयु २५ वर्ष से कम न हो। इस में एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष होता है। दोनों का चुनाव संसद अपने ही सदस्यों में से करता है।	सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुनेंगे।
बोध परीक्षण:	राष्ट्रपति एंग्लो-इण्डियन के कितने सदस्यों को मनोनीत कर सकता है?	दो सदस्यों को।
राज्य सभा की रचना :→	राज्य सभा में २५० सदस्य होते है। इसमें २३८ राज्यों तथा संघ क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते है। अन्य १२ सदस्यो को राष्ट्रपति मनोनीत करता है जो सदस्य साहित्य, कला, संगीत आदि के क्षेत्र में विशेष ख्याति रखते है। राज्य सभा का सदस्य बनने के लिए भारत का नागरिक होना आवश्यक है।	सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण:	राज्य सभा के सदस्यों की संख्या कितनी होती है?	२५०

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	राज्य सभा के सदस्य बनने के लिए आयु 30 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। राज्यसभा एक स्थाई सदन है। इसके एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दो वर्ष में रिटायर होते हैं। राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल छः वर्ष का होता है	छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे
बोध परीक्षण	लोक सभा का कार्य काल कितना होता है?	5 वर्ष
राज्यसभा सदस्यों की योग्यताएँ:	राज्यसभा का एक सभापति और एक उपसभापति होता है। भारत का उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है और उपसभापति का चुनाव अपने ही सदस्यों के सदन द्वारा किया जाता है	सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
कानून निर्माण प्रक्रिया :→	लोकसभा, राज्य सभा का प्रमुख कार्य है- देश के लिए कानून बनाना। कानून बनाने के लिए एक प्रस्ताव को विधेयक के रूप में किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है। विधेयक दो प्रकार का होता है:- साधारण विधेयक। वित्त विधेयक।	

पुनरावृत्ति :→

- संसद किससे मिलकर बनती है ?
- केन्द्र में कानून बनाने वाली संस्था को क्या कहते हैं ?
- साधारण विधेयक और वित्त विधेयक में क्या अन्तर है.

गृहकार्य :→

- संसद क्या है ? इसका विस्तारपूर्वक वर्णन करें तथा विषय से संबंधित चार्ट भी बनाएं।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala
हस्ताक्षर

Lesson No : 12

Date: 9/12/2010

Duration of the period: 35 मिनट

Pupil Teacher's Name: Kavita

Pupil Teacher's Roll No.: 509

Class: 7th

Average Age of the pupils: 13 वर्ष

Subject: सामाजिक अध्ययन

Topic: मिट्टी

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1. विद्यार्थी मिट्टी के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।
2. विद्यार्थी मिट्टी का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
3. विद्यार्थी मिट्टी के विभिन्न प्रकारों का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
4. विद्यार्थी मिट्टी और कृषि मे संबंध बताने की योग्यता रखते होंगे।
5. विद्यार्थी मिट्टी से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
6. विद्यार्थी मिट्टी की उपयोगिता को जानकर उसे अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।
7. विद्यार्थी मिट्टी का विश्लेषण कर सकेंगे। विद्यार्थी मिट्टी का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री → चाक, श्यामपट्ट, डस्टर, चार्ट, ~~संकेतक, मॉडल~~ आदि।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, मॉडल,

पूर्वज्ञान परीक्षा :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
पेड़-पौधों की वृद्धि में कौन-सा तत्व सहायक होता है?	ह्यूमस
पेड़-पौधों की उर्वरता किस पर निर्भर करती है?	मिट्टी की उर्वरता पर।
मिट्टी किसे कहते हैं?	असंतोषजनक उत्तर

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम मिट्टी के विषय में विस्तार से अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
भूमिका:	भारत एक विशाल देश है। यहाँ के उच्चावच - पर्वत, पठार व मैदानों में बहुत विविधता पाई जाती है। भारत का क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग कि.मी. है। देश का 43% भाग मैदानी है जो हमें फसलों को उगाने के लिए सुअवसर प्रदान करता है। देश का लगभग 30% भाग पर्वतीय है। पर्वत हमें प्राकृतिक संसाधनों के रूप में वन और वन्य जीवन प्रदान करते हैं। पेड़-पौधे और फसलें मिट्टी की उर्वरता पर निर्भर करते हैं।	ध्यान पूर्वक सुनेंगे

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
मिट्टी :	पृथ्वी की भू-पर्पटी की सबसे ऊपरी परत जो महीन शैलचूर्ण से बनी है और पेड़-पौधों के उगने में सहायक है, मृदा कहलाती है। इसमें ह्यूमस नामक तत्व होता है जो पेड़-पौधों की वृद्धि में सहायक है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
बोध परीक्षण	भारत का क्षेत्रफल कितना है?	32.8 वर्ग
मिट्टी के प्रकार	मिट्टी मुख्यतः 6 प्रकार की होती है : जलोढ़ मिट्टी काली मिट्टी लाल मिट्टी लैटराइट मिट्टी पर्वतीय मिट्टी मरूस्थलीय मिट्टी	
जलोढ़ मिट्टी	इसे कॉप मिट्टी भी कहते हैं। यह मिट्टी नदियों द्वारा लाकर नदी-घाटियों, मैदानों तथा डेल्टाई प्रदेशों में बिछाई जाती है। इस मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा वनस्पति के अंश की कमी होती है फिर भी यह बड़ी उपजाऊ है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व याद करेंगे।

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
काली मिट्टी	इसे रेगड़ मिट्टी भी कहते है। इस मिट्टी का निर्माण ज्वालामुखी विस्फोट से हुआ है जिससे इसमें कई प्रकार के खनिज विद्यमान है। इसमें लोहा, मैग्निशियम, चूना तथा एल्यूमिनियम तत्व पाए जाते है।	
बोध परीक्षण	काली मिट्टी का अन्य नाम बताओ।	रेगड़ मिट्टी
लाल मिट्टी	इस प्रकार की मिट्टी मध्यप्रदेश के बुलंदखण्ड क्षेत्र से दक्षिण तक पाई जाती है। लाल मिट्टी का निर्माण रवेदार तथा रूपांतरित चट्टानों के अपक्षय एवं अपरदन सामग्री से प्राप्त हुआ है।	
लैटराइट मिट्टी	यह मिट्टी इटिया लाल रंग की होती है। इसका निर्माण मानसून जलवायु की विशिष्ट परिस्थितियों में होता है। कुछ भागों में यह मिट्टी कंकरीली एवं छिद्रयुक्त होती है। कृषि के लिए यह अधिक उपयोगी नहीं है परंतु इसमें बांस तथा झाड़ियाँ खूब उगती है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक लिखेंगे।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
पर्वतीय मिट्टी	यह मिट्टी हिमालय के पर्वतीय भागों में पाई जाती है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल सिक्किम तथा अरूणाचल प्रदेश में इन मिट्टियों का विस्तार मिलता है। अधिकांश पर्वतीय मिट्टी टरशियरी युग की चट्टानों का अपक्षय होने से बनी है। इस मिट्टी में जैविक अंशों की प्रधानता पाई जाती है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे।
मरूस्थलीय मिट्टी	इस प्रकार की मिट्टी में रेत की मात्रा अधिक तथा ह्यूमस की मात्रा कम पाई जाती है इसलिए यह अधिक उपजाऊ नहीं होती। इस प्रकार की मिट्टी राजस्थान दक्षिणी पश्चिमी पंजाब, दक्षिणी पश्चिमी हरियाणा में पाई जाती है। जहाँ वर्षा कम होती है। जहाँ बालू के स्तूप बने रहते है। इसमें सोडियम, नमक अधिक मात्रा में पाए जाते हैं परन्तु ये शीघ्र घुल जाते है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
	किस प्रकार की मिट्टी में ह्यूमस की मात्रा कम पाई जाती है?	मरूस्थलीय मिट्टी में।

पुनरावृत्ति :→

भारत का क्षेत्रफल कितना है?

कपास की फसल के लिए कौन-सी मिट्टी उपयोगी है?

जलोढ़ मिट्टी कैसे क्षेत्रों में पाई जाती है?

गृहकार्य :→ मिट्टी किसे कहते है और यह कितने प्रकार की होती है। इसे विस्तार सहित याद करना है।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala

हस्ताक्षर

Lesson No :- 13

Date 10/12/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 7th

Average Age of the pupils 12 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic वनों के लाभ

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1 विद्यार्थी वनों के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।

2 विद्यार्थी वनों के लाभ का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी वनों के विषय मे उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

4 ~~विद्यार्थी वनों के लाभ~~

5 विद्यार्थी वनों के लाभ का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

6 विद्यार्थी वनों के लाभ को जानकर उसे अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।

7 विद्यार्थी वनों के लाभ का विश्लेषण कर सकेंगे।

8 विद्यार्थी वनों के लाभ का मूल्यांकन कर सकेंगे

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाडन, ~~चार्ट, मॉडल, संकलन~~ आदि।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकलन, मॉडल

पूर्वज्ञान परीक्षा :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
हमारी मूलभूत आवश्यकताएँ कौन सी है?	जल, वायु, भोजन।
हमें ऑक्सीजन कहाँ से प्राप्त होती है?	वृक्षों से।
वनों के विभिन्न लाभ बताओ।	उत्साहजनक उत्तर।

उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम वनों के लाभ के विषय में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्रक्रियाएँ
	किसी भी देश की अर्थ व्यवस्था में वनों का बहुत योगदान है। वनों से देश की जलवायु, भूमि की बनावट, जनसंख्या के घनत्व आदि पर वनों का बहुत प्रभाव पड़ता है। प्राचीन समय में ग्रन्थों में भी वनों के महत्व के बारे में पता लगता है। पहले मनुष्य वृक्षों की पूजा करते थे।	सभी छात्र मौन बैठेंगे।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका की क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	वनों के कारण ही वर्षा होती है। जब जल से भरी हवा वनों के ऊपर से गुजरती है, तो ठण्डी होकर खूब वर्षा करती है क्योंकि वनों के आस-पास का वातावरण आर्द्र तथा ठंडा होता है। देश के जिन भागों में वनों को काट दिया जाता है, वहाँ वर्षा कम होने लगती है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
	वनों से हमें जड़ी-बूटियाँ तथा दवाईयाँ भी मिलती हैं जैसे: नीम, कीकर, बरगद, पीपल, इनसे हमें दवाईयाँ तथा जड़ी बूटियाँ मिलती है।	
	दवाइया पत्तियों से खाद तैयार होती है। वृक्षों की पत्तियाँ भूमि पर गिरकर सूखने के बाद खाद का काम करती है जिससे भूमि उपजाऊ बनती है।	सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
	वन मरुस्थल को आगे बढ़ने से रोकते हैं, क्योंकि वृक्षों के कारण रेत उड़ नहीं पाती।	

विषय वस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	वन देश की सुरक्षा का भी काम करते हैं। दूसरे देश के शत्रु इन वनों को आसानी से लांघ कर हमारे देश पर हमला नहीं कर सकते। भारत के उत्तर में हिमालय पर्वत और उसके घने जंगल देश की प्राकृतिक सुरक्षा का काम करते हैं।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
बोध परीक्षण	पत्तियाँ सूखकर किस रूप में तैयार हो जाती है?	खाद के रूप में
	वनों से हमें उद्योगों के लिए कच्चा माल प्राप्त होता है। रबड़ दियासलाई बनाने के लिए लकड़ी, कई प्रकार के तेल, फर्नीचर, पेटियां तथा कपास आदि सभी कच्चे हैं जिससे उद्योगों में विभिन्न वस्तुएँ बनती हैं।	
	वृक्षों के पत्ते गर्म वायु की गर्मी तथा ठण्डी वायु को ठंडक सोख लेते हैं जिससे तापक्रम सम बनता है।	
बोध परीक्षण	वनों से हमें कौन-कौन से फल मिलते है?	आम, अमरूद, केला, अनानास पपीता, लीची।

विषयवस्तु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	प्राचीन समय में मनुष्य पर ही पूरी तरह निर्भर था। वह कंद-मूल खाकर ही अपना पेट भरता था। ऋषि-मुनि फल खाकर ही अपना जीवन गुजारते थे।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
